RNI No. CHHHIN/2009/35020

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 237 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, गुरुवार 22 जून 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in





पेज -4 पर
9 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस: जीवन में स्वास्थ्य ठीक है ....

सत्ता के मद में चूर धरमजयगढ़ विधायक लालजीत सिंह राठिया
पेज -8 पर

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा पर अमल

# राज्य शासन ने 04 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालयों की स्थापना के लिए दी स्वीकृति



**रायपुर।** स्कूली बच्चों को अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पहल पर राज्य में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रारंभ किए जाने के बाद अब स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय की स्थापना की जा रही है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश में 4 महाविद्यालयों की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। इससे अंग्रेजी माध्यम से स्कूली शिक्षा हासिल करने वाले छात्रों को बड़ी सुविधा होगी। उन्हें अब उच्च शिक्षा के लिए दूसरे प्रदेशों में जाना नहीं पड़ेगा। मुख्यमंत्री के विधानसभा में दिए गए बजट भाषण में की गई घोषणा को अमल में लाते हुए आज स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय की स्थापना सहित नवीन पदों के सृजन की स्वीकृति के साथ ही कक्षाएं प्रारंभ करने की अनुमति राज्य शासन द्वारा दे दी गई है।

उच्च शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मुख्य बजट 2023-24 के नवीन मद में किए गए प्रावधानों के अनुसार 04 अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय की स्थापना के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके साथ ही प्रत्येक महाविद्यालय के लिए 33 पदों के मान से 132 पदों के सृजन की स्वीकृति के साथ ही कक्षाएं प्रारंभ करने की अनुमति प्रदान की गई है।

1.स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी आध्यम आदर्श महाविद्यालय कोरबा जिला कोरबा 2. स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी आध्यम आदर्श महाविद्यालय रायगढ़, जिला रायगढ़ 3. स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी आध्यम आदर्श महाविद्यालय बिलासपुर, जिला बिलासपुर 4 स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी आध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद जिला महासमुंद के नाम शामिल हैं।

### स्वीकृत महाविद्यालय के लिए सृजन किए गए 132 पद

प्राचार्य के लिए 04, सहायक प्राध्यापक के लिए 48, ग्रंथपाल के लिए 04, क्रीड़ाधिकारी के लिए 04, सहायक ग्रेड-01 के लिए 04, प्रयोगशाला तकनीशियन के लिए 20, सहायक ग्रेड-02 के लिए 04, सहायक ग्रेड-03 के लिए 04, प्रयोगशाला परिचायक के लिए 20, भृत्य के लिए 08, बुक लिफ्टर के लिए 04, स्वच्छक के लिए 04 एवं चौकीदार के लिए 04 पदों का सृजन किया गया है।

**अंग्रेजी माध्यम से स्कूली शिक्षा हासिल करने वाले छात्रों को होगी बड़ी सहूलियत**

## एक नजर

### आई ए एस चंद्रकांत वर्मा को मिला अतिरिक्त प्रभार



**रायपुर।** राज्य शासन भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी चंद्रकांत वर्मा, प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉरपोरेशन को संचालक, ग्रामोद्योग सहित छत्तीसगढ़ हस्त शिल्प विकास बोर्ड , छत्तीसगढ़ माटीकला बोर्ड, छत्तीसगढ़ हाथ करघा विकास एवं विपणन संघ मर्यादित और छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के प्रबंध संचालक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है.

### चुनाव से पहले कांग्रेस में बड़ा बदलाव

#### कांग्रेस पदाधिकारियों का बदला प्रभार, आदेश जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में साल के अंत में विधानसभा चुनाव होना है. चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस ने पार्टी के अंदर बड़ा बदलाव किया है. कांग्रेस पार्टी ने पदाधिकारियों के प्रभार में बड़ा बदलाव किया है. इस संबंध में पार्टी ने सूची जारी की है. जारी सूची के मुताबिक अमरजीत चावला को रायपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं रवि घोष को बस्तर, प्रतिमा चंद्राकर को राजनांदगांव का प्रभार सौंपा गया है. अरुण सिसोदिया संगठन महामंत्री होंगे. चंद्रशेखर शुक्ला को मोहला मानपुर का प्रभार दिया गया है।

# इंदिरा प्रियदर्शिनी बैंक घोटाले की फिर होगी जांच:कोर्ट ने दी अनुमति

## भूपेश बघेल ने ट्वीट करके रमन सिंह समेत कई नेताओं का लिया नाम

रायपुर। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित इंदिरा प्रियदर्शिनी बैंक घोटाले की जांच फाइल एक बार फिर खुलने वाली है। कोर्ट ने इस मामले की फिर से जांच करने की अनुमति दे दी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने खुद ट्वीट करके इसकी जानकारी दी है।




लगभग 17 साल पुराने इस मामले की फाइल ठीक विधानसभा चुनाव से पहले खुलने की खबर से सियासी गलियारों में चर्चाएं तेज हो गई है। इंदिरा बैक घोटाले का नाम जब सामने आया था तब मैनेजर के नार्को टेस्ट में घोटाले से जुड़े सफेदपोशों के नाम सामने आए थे। जो पिछली सरकार में बेहद प्रभावशाली थे। इसलिए चुनाव से पहले इसकी जांच की अनुमति मिलने से अटकलें तेज हो गई है।



राजधानी रायपुर के बैंक घोटाले की जांच के लिए राज्य सरकार ने मामले की जांच नए सिरे से कराने के लिए हाईकोर्ट से अनुमति मांगी थी। जो अब मिल गई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट करके लिखा है कि माननीय न्यायालय ने जनता की गाढ़ी? कमाई के पैसों के गबन के प्रियदर्शिनी बैंक घोटाले की जांच की अनुमति दे दी है।

नार्को टेस्ट में प्रमुख अभियुक्तों में से एक उमेश सिन्हा ने बताया? था कि उसने तत्कालीन मुख्यमंत्री रमन सिंह और उनके मंत्रियों अमर अग्रवाल, बृजमोहन अग्रवाल और रामविचार नेताम सहित कई भाजपा नेताओं को करोड़ों रुपए दिए थे। बैंक संचालकों सहित कई अन्य लोगों को भी पैसे दिए गए। भ्रष्टाचार उजागर होना चाहिए। दोषियों को सजा मिलनी ही चाहिए। इस ट्वीट के साथ एक वीडियो भी जारी किया गया है, जिसमें बैंक मैनेजर के नार्को टेस्ट की वीडियोग्राफी का अंश है।



Bhupesh Baghel
@bhupeshbaghel

माननीय उच्च न्यायालय ने जनता की गाढ़ी कमाई के पैसों के गबन के प्रियदर्शिनी बैंक घोटाले की जांच की अनुमति दे दी है।

नार्को टेस्ट में प्रमुख अभियुक्तों में से एक उमेश सिन्हा ने बताया था कि उसने तत्कालीन मुख्यमंत्री रमन सिंह और उनके मंत्रियों अमर अग्रवाल, बृजमोहन अग्रवाल व रामविचार नेताम सहित कई भाजपा नेताओं को करोड़ों रुपए दिए थे।

बैंक संचालकों सहित कई अन्य लोगों को भी पैसे दिए गए।

भ्रष्टाचार उजागर होना चाहिए। दोषियों को सज़ा मिलनी ही चाहिए।

### अब जानिए पूरा मामला

साल 2006 में आर्थिक अनियमितता पाए जाने पर इंदिरा प्रियदर्शिनी बैंक बंद हुआ था। जानकारी के मुताबिक इंदिरा बैंक में 54 करोड़ का घोटाला सामने आने के बाद सभी खातेदारों में हड़कंप मच गया था। बैंक में करीब 22 हजार खातेदार थे। घोटाला उजागर होने के बाद बैंक ने अपने आप को डिफाल्टर घोषित कर दिया था और इंश्योरेंस कंपनियों की मदद से खातेदारों को राशि भी लौटाई थी। लेकिन यह राशि काफी कम थी। इस मामले में बैंक के तत्कालीन मैनेजर उमेश सिन्हा का नार्को टेस्ट भी किया गया था। उन्होंने बताया कि अभी भी बैंक के बहुत से खातेदार ऐसे हैं, जिनके पैसे पूरी तरह से डूब गए।

# पूर्व आबकारी सचिव दास की अग्रिम जमानत याचिका खारिज




**रायपुर।** विशेष न्यायाधीश ईडी अजय सिंह राजपूत की अदालत में आज संध्या ने पूर्व आबकारी आयुक्त आईएएस निरंजन दास की अग्रिम जमानत की याचिका खारिज कर दी है । इसके साथ ही उनकी गिरफ्तारी की संभावनाएं बढ़ गई है । ईडी दास से दो हजार करोड़ के लिकर स्कैम को लेकर पूछताछ करना चाहती है और वे एब्सकांड होकर मुंबई वगैरह घूम रहे है। इस मामले में ईडी विशेष सचिव आबकारी एपी त्रिपाठी को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है ।



# भूपेश बघेल बोले-सरोज दीदी का जन्मदिन मनाने आ रहे गृहमंत्री

**अमित शाह के दौरे पर कहा- हमेशा से दुर्ग कांग्रेस का गढ़ रहा है**



**रायपुर।** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह गुरुवार को दुर्ग दौरे पर आ रहे हैं। उनके दौरे को लेकर मुख्यमंत्री भपेश बघेल ने कहा, 22 तारीख को सरोज दीदी का जन्मदिन है, हो सकता है उनका जन्मदिन मनाने आ रहे हों। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत छत्तीसगढ़ के 6 मंत्री दुर्ग संभाग से हैं, ऐसे में अमित शाह के दुर्ग साधने की कवायद को लेकर भूपेश बघेल ने कहा, दुर्ग हमेशा से कांग्रेस का गढ़ रहा है। भले ही बीच में थोड़ी कमजोर हुई थी लेकिन दुर्ग हमेशा से कांग्रेस का रहा है।

### मनोज मुंतशिर के बजरंग बली को भगवान नहीं बल्कि भक्त कहने पर कहा..

भूपेश बघेल ने कहा, मनोज मुंतशिर कहते हैं, हनुमान भगवान नहीं हैं, वे कहते हैं गैर भाजपा शासित मुख्यमंत्री विरोध कर रहे हैं, इसका मतलब वो खुद अपने आपको बीजेपी का बता रहे हैं। वह ठीक कह रहे हैं कि, इतनी बड़ी बात हो गई, भगवान राम और हनुमान का इतना अपमान हो गया लेकिन बीजेपी के मुख्यमंत्री इसका विरोध नहीं कर रहे। यहां आकर भले ही कुछ लोग बयान दे रहे हैं लेकिन अपने प्रदेश में इस फिल्म को बैन क्यों नहीं कराते, जिन राज्यों में उनकी सरकारें हैं, वहां ये विरोध क्यों नहीं करते। जांच तो वहां से होनी चाहिए कि इनको फिल्म दिखाने का परमिशन कैसे मिला। कार्रवाई सूचना प्रसारण मंत्रालय से होनी चाहिए।

### गिरिराज सिंह के धर्मांतरण वाले बयान पर कहा...

भूपेश बघेल ने कहा, मैं तो कहता हूं बीजेपी के समय सबसे ज्यादा चर्च बने। इस बात का खंडन करके बताएं क्योंकि उनके पास तो सारी एजेंसी है और भाजपा के लोग आरोप लगाते हैं प्रदेश में विदेशी फंडिंग हो रही है। लेकिन भारत सरकार की अनुमति के बिना विदेश का पैसा कैसे आ सकता है।


## बेटी ने बुरी नीयत रखने वाले पिता को उतारा मौत के घाट

**तिल्दा-रायपुर ।** तिल्दा क्षेत्र के ग्राम बिलाडी में एक बेटी ने अपने पिता की गंदी नजरों व हरकतों से त्रस्त होकर उसकी जान ले ली। पिता की गंदी नजरों से बेहाल पुत्री ने लाठी-डंडा मारकर अपने पिता की हत्या कर दी।

# नक्सलियों ने अपने ही साथी की हत्या कर फेंकी लाश, शव में पास मिला पर्चा

**कांकेर।** जिले से एक बहुत बड़ी खबर सामने आ रही है जहां नक्सलियों ने अपने ही साथी की हत्या कर गांव में लाश फेंक दिया है। कांकेर जिले के थाना कोयलीबेडा के गाँव केसोकोडी के पास नक्सल वर्दी में एक शव पुलिस ने बरामद किया है । पुरुष मृतक शव की पहचान मानु दुग्गा, निवासी भरंडा, नारायणपुर के रूप में किया गया है। मृतक नक्सल मानु दुग्गा विगत काफ़ी सालो से नक्सल संगठन PLGA Platoon No 17 में काम कर रहा था और वर्तमान में किसकोड़ो एरिया समिति सदस्य था। मृतक नक्सल मानु दुग्गा की शव के पास एक पर्चा बरामद हुआ है जिसमें संगठन में महिलाओं के साथ अमर्यादित व्यवहार का कारण बताते हुए हत्या करना बताया हे।





# छत्तीसगढ़ के मशहूर संगीतकार जाकिर हुसैन का निधन

जाने वालों जरा मुड़ के देखो इधर मैं भी इंसान हूँ तुम्हारी तरह' गाने से मिली थी पहचान

कोरबा। छत्तीसगढ़ से दुखद खबर सामने आई है. प्रसिद्ध गायक कलाकार अमूल स्टार वॉइस ऑफ इंडिया फेम मोहम्मद जाकिर हुसैन का मंगलवार शाम आकस्मिक निधन हो गया है. उनके निधन से संगीत जगत में शोक की लहर दौड़ पड़ी है।






अपनी आवाज के जादू से लोगों के दिलों में राज करने वाले जाकिर हुसैन परिवार के साथ बिलासपुर गए हुए थे. वहां अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और थोड़ी देर में अंतिम सांस ले ली.

वह अपने पीछे पिता, पत्नी और बच्चों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं. इस घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और शुभचिंतकों का उनके पुरानी बस्ती वार्ड 4 रानी रोड धनवार पारा स्थित निवास पर पहुंचना शुरू हो गया। उनका पार्थिव देह देर रात में कोरबा लाया गया. बुधवार को उन्हें दोपहर सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

**नक्सली हमला.. आईईडी ब्लास्ट में एक जवान घायल**

# सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, 2 से 3 माओवादियों के मारे जाने की खबर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सुरक्षाबलों और नक?सलियों के बीच मुठभेड़ हुआ. इस मुठभेड़ में 2-3 नक्सलियों के घायल होने और मारे जाने की खबर है. वहीं मुठभेड़ खत्म होने के बाद जवान वापस लौट रहे थे तभी डीआरजी का एक जवान नक्सलियों के लगाए गए प्रेशर आईईडी की चपेट में आ गया. आईईडी की चपेट में आने से जवान घायल हो गया है. जवान को उचित उपचार के लिए बीजापुर के जिला अस्पताल में लाया गया है. यह मामला गंगालूर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, 19 जून को कोबरा, एसटीएफ, डीआरजी दंतेवाड़ा और डीआरजी बीजापुर की संयुक्त टीम थाना गंगालूर क्षेत्रान्तर्गत पीड़िया की ओर माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी. इस अभियान के दौरान कल पीड़िया के अलग-अलग जगहों पर माओवादियों के सशस्त्र टीम के साथ पुलिस की मुठभेड़ हुई. मुठभेड़ के दौरान जवानों ने माआवादियों के डेरा और स्मरक स्थल को भी ध्वस्त किया. जवानों ने माआवादियों के डेरा से भारी मात्रा में दैनिक उपयोग की सामग्रियां, विस्फोटक, टेलरिंग टीम का सामान और दवाईयां बरामद हुई। मुठभेड़ के दौरान संयुक्त सुरक्षा बलों के कार्रवाई में 2-3 नक्सलियों के घायल होने और मारे जाने की भी संभावना है.वहीं आज अभियान से वापसी के दौरान कुरूष के पास प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से डीआरजी दंतेवाड़ा के एक जवान कांस्टेबल अजय मंडावी को सामान्य चोंटे आई है. जवान को उचित उपचार के लिये बीजापुर जिला अस्पताल लाया गया है. जहां इलाज जारी है।






# योग न सिर्फ़ स्वस्थ जीवन का सरलतम मार्ग है, बल्कि हमारी संस्कृति का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है-डॉ रमन सिंह

**रायपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग कर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन ने प्रदेशवासियों को बधाई दी है. ट्वीट के जरिए पूर्व सीएम रमन सिंह ने साझा संदेश देते हुए कहा, योग न सिर्फ़ स्वस्थ जीवन का सरलतम मार्ग है, बल्कि हमारी संस्कृति का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है. यह भारत ही है, जिसने विश्व को योग की कला सिखाई और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योग के प्रति समर्पण ने इसे #InternationYogaDay के माध्यम से पूरे विश्व में पहुंचाया है।

वहीं विधायक और भाजपा मुख्य प्रवक्ता अजय चंद्राकर योग दिवस के अवसर पर कुरूद में आयोजित योगाभ्यास शिविर में शामिल हुए. साथ ही बालाजी विद्या मंदिर में योग कार्यक्रम में भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल, संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश मंत्री किशोर महानंद वरिष्ठ भाजपा नेता सच्चिदानंद उपासने शामिल हुए। इसके अलावा भाजपा प्रदेश सह प्रभारी नितिन नबीन, बिलासपुर संभाग प्रभारी किरण देव, पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल बेलतरा जिला बिलासपुर में आयोजित योग शिविर में शामिल होकर योगाभ्यास किया।








# आदिपुरुष विवादः सब पर राम तपस्वी राजा, तिनके काज सकल तुम साजा

फिल्में पॉपुलर कल्चर का हिस्सा हैं और अमूमन यह उम्मीद की जाती है कि वे मनोरंजन करेंगी, कमाई करेंगी और रचनात्मक रूप से समृद्ध भी करेंगी। मनोरंजन को कुछ लोग उस तरह से लेते हैं, जैसे यह बहुत बड़ा अपराध हो। कलाएं अगर मन को समृद्ध न करें, तो कलाएं क्या हुईं? लेकिन इतने सरलीकरण से यह तो नहीं किया जा सकता कि कैलेंडर आर्ट को पिकासो की बराबरी पर रख दिया जाए। इसीलिए सौंदर्यशास्त्र की रचना हुई है। रचनात्मक समृद्धि की अपनी ऊंचाइयां हैं।

मन की प्रफुल्लता, सुंदर जीवन का काम्य है। इसी की तलाश में सभी समृद्धियां जाती हैं। पॉपुलर कल्चर का सबसे बड़ा पक्ष यह है कि वह एक विराट समूह को संबोधित करता है।

उसमें कई लोगों के सपने, आकांक्षाएं, वितृष्णाएं, विमर्श, आदर्श तथा व्यवहार के अंतर्विरोध शामिल होते हैं। हम फिल्मों को जब देखने जाते हैं, तो मन के उस पक्ष के साथ जाते हैं। चूंकि फिल्म तकनीकी रूप से बहुत महंगा धंधा है, इसीलिए उसमें घाटे-मुनाफे का स्तर भी उतना ही ऊंचा है। उसमें ग्लैमर है, यथार्थ को बड़ा करके एक भावना को उभार कर पेश करने की शक्ति है, भीतरी संवेदनाओं को सहलाने या उत्तेजित करने की विलक्षण सामर्थ्य है। इसीलिए निर्माता, निर्देशक, वितरक, प्रदर्शक, अभिनेता, संगीतकार, लेखक-सबका एक मिला-जुला उद्योग विकट व्यावसायिक जोखिम के बावजूद इस मोहक-जादुई रचना में निमग्न रहता है। कला के पुजारी या पैसों के पुजारियों में कोई अनूठा द्वंद्व देखना हो, तो सिनेमा से बेहतर कोई मैदान नहीं है। आदिपुरुष पर मचे शोर ने फिर से इस बहस को खड़ा कर दिया है। जिस फिल्म के रूप-स्वरूप पर हंगामा बरपा है, वह तीन सौ करोड़ तो पीट ही चुकी है। फिर भी सवाल यह है कि लोकप्रिय सिनेमाई नैतिकता के आदर्श का सामाजिक आदर्शों से वास्तव में कितना लेना-देना है।

आदिपुरुष भारतीय जनश्रद्धा के केंद्र श्रीराम की कथा के पुनर्मंचन का दावा करती है। तेलुगू वगैरह संस्करणों से अलग हिंदी इलाके में उसके भद्दे संवादों पर सर्वाधिक चर्चा हो रही है। दिलचस्प यह है कि सारी सफाइयां



मनोज मुंतशिर नामक सज्जन दे रहे हैं, जिन्होंने हिंदी आदिपुरुष के संवाद लेखन का काम किया है। सिनेमा महज एक लेखक का माध्यम नहीं है। वह निर्देशक का माध्यम है। निर्देशक अपने स्वप्न के अनुरूप लोगों को काम पर लगाता है। उसकी प्रतिभा में सबकी ऊर्जा निहित होती है। हिंदी में यदि %तेल भी तेरे बाप का% संवाद लिखा जा रहा है, तो वह निर्देशक की परिकल्पना का हिस्सा है। निर्देशक ओम राउत की इच्छा यदि इसे गली की रामलीला का प्रहसन बनाने की होती, तो शायद कोई सवाल ही नहीं उठाता।

प्रेम अदीब-शोभना समर्थ-विजय भट्ट के रामराज्य से अरुण गोविल-दीपिका-रामानंद सागर तक की रामायण हमने देखी है। आशुतोष गोवारीकर की स्वदेश में मुहल्ला रामलीला मंचित करता है और देव आनंद की जानेमन में भी गली की भीड़ अद्भुत रामलीला का मनोरंजक अंश देखती है। जाने भी दो यारो या कलयुग की रामायण में अगर आपको कुछ संवाद और दृश्य दिखाई देते हैं, तो वे उस दावे के साथ नहीं प्रस्तुत होते कि वे तपस्वी राजा राम की जीवन गाथा का गान कर रहे हैं। स्पूफ और मूल कथा का अंतर मिटाकर यदि कोई अपनी दुम में ही आग लगाना चाह रहा हो, तो रचनात्मकता के किस उत्कर्ष की लंका जलेगी?

धीरोदात्त श्रीराम की कथा आस्था का केंद्र यों ही नहीं बनी है। रामायण के मुहावरे का अर्थ तपस्वी राजा के विराट संदर्भों से आता है। रामायण न सिर्फ एक महाकाव्य है, बल्कि भारतीय जनजीवन की शिराओं में प्रवाहित सांस्कृतिक रक्त का हिस्सा है। इसीलिए छतों पर चादरें तानकर भी बच्चे यदि रामलीला करते हैं, तो भले ही वहां नाटकीय मनोरंजक दृश्य बन जाते हों, वे नैतिक पक्षों के चुंबकीय आकर्षण से मुक्त नहीं होते।

आदिपुरुष सब पर श्रीराम की कृपा हो-इस उद्घोष के साथ बाजार में उतरी है। यह अनायास नहीं है कि पठान के बाजार से इसके चर्चा-युद्ध को कई हलकों में चलाया गया है। माहौल देखकर पैंतरा चलाना भी व्यवसाय में एक रणनीति ही होती है। यों तो कोई उत्तम लाल बेहद निम्न कोटि के व्यक्ति हो सकते हैं, क्योंकि नाम से काम का कोई लेना-देना नहीं होता। पर किसी रचना में किसी निकृष्ट चरित्र का नाम उत्तमचंद रख दिया जाए, तो वह तंज की रचनात्मक अभिव्यक्ति बन जाती है। सिर्फ इतना कर देने से ग्रहण करने के अर्थ बदल जाते हैं, पात्र अथवा चरित्र का मार्का तय हो जाता है।

हर आदमी के अपने राम, अपने रावण हो सकते हैं, पर रामायण की मूल कथा में अपना मजा बेचने की कोशिश कला का भिन्न विचार है। एक साथ श्रद्धा और मजा बेचना आखिर टेढ़ा काम तो है ही। कई युवक-युवतियां विचित्र महावाक्य छपे हुए टीशर्ट पहनते हैं। कई बार उन्हें पता ही नहीं होता कि वे सीने पर कौन-सा साइनबोर्ड लिए घूम रहे हैं। यह उनका अपना चयन है। लेकिन कोई उस वाक्य को पढ़कर उनसे वैसे व्यवहार की अपेक्षा तो नहीं करने लगता। आदिपुरुष ने पैरोडी होने का दावा नहीं किया, बल्कि एक महान चरित्र की महागाथा का दावा किया है। इसीलिए वह राष्ट्रवादी बनाम रचनात्मक प्रयोगशीलता की बहस में उलझ गई है।

यशवंत व्यास

## संपादकीय

### विपक्ष पाषाण युग में!

अच्छा जुमला है। सोचें, नरेंद्र मोदी का अमेरिका में डंका बज रहा होगा तब नीतीश कुमार पटना में विपक्षी नेताओं को जात की राजनीति के कैसे मंत्र दे रहे होंगे? तेजस्वी, अखिलेश, ममता बनर्जी, हेमंत सोरेन क्या यह हिसाब लगाते हुए नहीं होंगे कि मैं तो अपने इलाके में मजे से जीतूंगा। तो अरविंद केजरीवाल एक राजा की कहानी सुनाते हुए होंगे। किसी को भी ख्याल नहीं होगा कि भाजपा उधर मशीनी दिमाग से सबकी कैसी-कैसी कहानियों की स्क्रिप्ट बना रही होगी। कैसे-कैसे आइडिया पर काम हो रहे होंगे? इसलिए संयोग संभव है कि एक तरफ अमेरिका में विश्व विजेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डुगडुगी शुरू हो तो भारत में ममता बनर्जी, अभिषेक बनर्जी, अरविंद केजरीवाल, स्टालिन, नीतीश कुमार, भूपेश बघेल, अशोक गहलोत, वैभव गहलोत, भूपिंदर सिंह हुड्डा, केसीआर परिवार आदि के यहा एजेंसियों की छापेमारी शुरू हो जाए। मोटा मोटी अमेरिका यात्रा से ले कर राम मंदिर कार्यक्रम तक का प्रधानमंत्री मोदी का कैलेंडर इस तरह भरा हुआ है, जिससे उनका नगाड़ा बजता हुआ और विपक्ष छापों से अधमरा होता हुआ। ऐसा विजुअलाइजेशन नीतीश कुमार की बैठक में नहीं होना है। विपक्षी बैठकों में यह रणनीति नहीं बननी है कि छापेमारी-गिरफ्तारी केजरीवाल की हो या अभिषेक बनर्जी की विपक्ष का जवाबी हमला साझा होना चाहिए। और इसके लिए हमारा हल्ला बोल हमारे अपने मंचों से हो। सब मान बैठे हैं कि यू ट्यूब में मोदी विरोधी लाखों दर्शकों के जो वीडियो हैं वे ही बहुत।

# जयराम रमेश शायद जानते नहीं कि गीता प्रेस और गांधीजी का पुराना नाता रहा है

*आजादी के अमृतकाल में स्व-संस्कृति, स्व-पहचान एवं स्व-धरातल को सुदृढ़ता देने के अनेक अनूठे उपक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार में हो रहे हैं, उन्हीं में एक है भारत सरकार द्वारा एक करोड़ रुपए का गांधी शांति पुरस्कार सौ साल से सनातन संस्कृति की संवाहक रही गीता प्रेस, गोरखपुर देने की घोषणा।*

1800 पुस्तकों की अब तक 92 करोड़ से अधिक प्रतियां प्रकाशित करने वाले गीता प्रेस को इस पुरस्कार के लिये चुना जाना एक सराहनीय एवं सूझबूझभरा उपक्रम है। यह सम्मान मानवता के सामूहिक उत्थान, धर्म-संस्कृति के प्रचार-प्रसार, अहिंसक और अन्य गांधीवादी तरीकों से सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिवर्तन की दिशा में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया है। लेकिन विडम्बना है कि ऐसे मानवतावादी उपक्रमों को भी राजनीतिक रंग दे दिया जाता है। हर मुद्दे को राजनीतिक रंग देने से राजनीतिक दलों और नेताओं को कितना फायदा या नुकसान होता है यह अलग बात है लेकिन सही बात तो यह है कि ऐसे विवादों का



**गीता प्रेस के सौ वर्षों का स्वर्णिम दौर एवं संस्कृति-निर्माण के कार्य कोई कांच का नाजुक घर नहीं है कि आलोचना की बौछार से किरचें-किरचें होकर बिखर जाये। उसने जो संस्कार निर्माण एवं संस्कृति जागरण के सत्य को उजागर किया, वह शताब्दी पहले जितना सत्य था, आज भी उतना ही सत्य है।**

खमियाजा देश को जरूर उठाना पड़ता है।

ऐसा ही ताजा विवादित बयान कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने इस पुरस्कार को लेकर दिया है। रमेश ने कहा कि गीता प्रेस को गांधी शांति पुरस्कार देना गोडसे और सावरकर को सम्मान देने जैसा है। निश्चित ही यह तो उजालों पर कालिख पोतने के प्रयास है। ऐसे प्रयास अंधेरे सायों से प्यार करने वाले लोग ही कर सकते हैं। ऐसे लोगों की आंखों में किरणें आंज दी जायें तो भी वे यथार्थ को नहीं दे सकते। ऐसे राजनीतिक लोग आकाश में पैबंद लगाना चाहते हैं और सछिद्र नाव पर सवार होकर राजनीतिक सागर की यात्रा करना चाहते हैं। क्योंकि सब जानते हैं कि गीता प्रेस प्रतिदिन सत्तर हजार प्रतियां प्रकाशित कर घर-घर में धर्म-संस्कृति-राष्ट्रीयता का दीप जला रहा है। अपनी किताबों के माध्यम से समाज में संस्कार परोसने व चरित्र निर्माण का काम भी यह संस्था कर रही है।

गीता प्रेस के कामकाज को लेकर आज तक कोई विवाद भी पैदा नहीं हुआ। ऐसी संस्था को लेकर जब यह बयान आता है तो यह भी सवाल उठता है कि क्या जयराम रमेश के इस बयान का कांग्रेस पार्टी समर्थन करती है? यह सवाल इसलिए भी क्योंकि जयराम रमेश कांग्रेस के जिम्मेदार नेता हैं और केन्द्र में मंत्री भी रह चुके हैं।

इस तरह के उद्देश्यहीन, उच्छृंखल एवं विध्वंसात्मक बयान सामाजिक समरसता एवं राष्ट्रीय एकता को कमजोर तो करते ही हैं, धर्म, आस्था और संस्कारों को बढ़ावा देने वाली संस्थाओं को हतोत्साहित भी करते हैं। वैसे भी हर धर्म व उससे जुड़ी संस्थाओं को अपने कामकाज के प्रचार-प्रसार का पूरा हक है। गीता प्रेस के बारे में देश के तमाम बड़े नेताओं और धर्मगुरुओं की राय सकारात्मक ही रही है। संस्था ने सकारात्मकता की एक ओर मिसाल पेश करते हुए किसी प्रकार का दान स्वीकार न करने के अपने सिद्धांत के तहत एक करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि लेने से इंकार कर दिया है।

ललित गर्ग

## मिला जुला

### मोदी से मिलकर मस्क बोले- मैं उनका फैन,कहा- भारत में बिजनेस का स्कोप बाकी देशों से ज्यादा; यहां टेस्ला की फैक्ट्री लगाएंगे



न्यूयॉर्क. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिन के दौरे रात करीब 10 बजे अमेरिका पहुंचे। उस समय अमेरिका में दोपहर के साढ़े 12 बजे थे। जॉन एफ केनेडी एयरपोर्ट उन्हें रेड कार्पेट वेलकम मिला। प्रधानमंत्री वहां मौजूद भारतीय मूल के लोगों से भी मिले। एयरपोर्ट से प्रधानमंत्री होटल लॉटे न्यूयॉर्क पैलेस पहुंचे। यहां उन्होंने टेस्ला के को-फाउंडर और ट्विटर ओनर एलन मस्क समेत नोबेल विजेता, इकोनॉमिस्ट, आर्टिस्ट, साइंटिस्ट, स्कॉलर जैसी 24 पर्सनालिटीज से मुलाकात की।

मस्क बोले- भारत में बिजनेस का स्कोप दूसरे देशों से ज्यादा पीएम से मुलाकात के बाद मस्क ने कहा- मैं मोदी का फैन हूं। वे वाकई भारत की परवाह करते हैं। वे वही करना चाहते हैं जो देशहित में है।

PM ने मस्क को भारत आने का न्योता भी दिया। इस पर मस्क ने कहा- बिजनेस के लिए भारत में किसी भी दूसरे देश से ज्यादा स्कोप है। मैं अगले साल भारत आऊंगा। टेस्ला के CEO एलन मस्क ने कहा कि वे स्टारलिंक को भारत लाने की उम्मीद कर रहे हैं। इससे दूरदराज के गांवों तक इंटरनेट कनेक्टिविटी पहुंचाने में मदद मिल सकती है।

टेस्ला के CEO एलन मस्क ने कहा कि वे स्टारलिंक को भारत लाने की उम्मीद कर रहे हैं। इससे दूरदराज के गांवों तक इंटरनेट कनेक्टिविटी पहुंचाने में मदद मिल सकती है।

### 9वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, सूरत में सवा लाख लोगों ने एक साथ योग किया

# लद्दाख से समुद्र में आईएनएस विक्रांत तक जवानों ने आसन लगाए

**देश** में बुधवार को नौवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। सूरत में सवा लाख लोगों ने एक साथ योग करके रिकॉर्ड बनाया। उधर, भारतीय सेना के अफसरों और जवानों ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक योग किया। राजस्थान के रेगिस्तान में भी जवानों ने आसन लगाए। इस साल इसकी थीम 'वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग' रखी गई है। पीएम मोदी ने अमेरिका से वीडियो संदेश में कहा, 'योग ग्लोबल स्पिरिट बन गया।' उधर, नेवी ने इस मौके पर 'ओशन रिंग ऑफ योगा' का फॉर्मेशन किया। भारतीय नौसेना के 19 जहाजों पर सवार लगभग 3,500 नौसैनिकों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय जल क्षेत्रों में योग के राजदूत के रूप में 35000 किमी का सफर तय किया।

बांग्लादेश में चटगांव, मिस्र में सफागा, इंडोनेशिया में जकार्ता, केन्या में मोम्बासा, मेडागास्कर में टोमासीना, ओमान में मस्कट, श्रीलंका में कोलंबो, थाईलैंड में फुकेत, मलेशिया में मलक्का और संयुक्त अरब अमीरात (UAE) में दुबई में पोर्ट कॉल में ये शिप्स मौजूद थे। यहीं से इन्होंने ओशन रिंग ऑफ योगा बनाई। इनमें किल्टन, चेन्नई, शिवालिक, सुनयना, त्रिशूल, तरकश, वागीर, सुमित्रा और ब्रह्मपुत्र शिप्स शामिल हैं।





#### आज शाम 5.30 बजे अमेरिका में योग करेंगे पीएम मोदी

पिछले आठ साल से पीएम मोदी देश में लोगों के बीच योग करके योग दिवस मनाते आए हैं। इस बार वे अमेरिका में स्टेट विजिट पर हैं। ऐसे में उन्होंने सुबह वीडियो संदेश जारी करके लोगों को योग दिवस की शुभकामनाएं दीं।

पीएम ने बताया कि जिम्मेदारियों के चलते वे अमेरिका में हैं। वे यहां न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र (यूएन) हेडक्वार्टर में होने वाले योग दिवस कार्यक्रम को लीड करेंगे। यह कार्यक्रम यूएन हेडक्वार्टर के उत्तरी लॉन में भारतीय समयानुसार 5.30 बजे होगा। इसमें 177 देशों के प्रतिनिधि भाग ले सकते हैं।

#### पीएम मोदी के वीडियो संदेश की प्रमुख बातें...

पीएम ने कहा, 'हर साल योग दिवस के अवसर पर मैं किसी ना किसी आयोजन में आप सभी के बीच मौजूद रहता हूं। आपके साथ योग करने का आनंद यादगार रहता है। लेकिन विभिन्न जिम्मेदारियों की वजह से मैं अभी अमेरिका में हूं। इसलिए आप सभी से वीडियो संदेश के जरिए जुड़ रहा हूं।



मैं अभी आपके बीच योग नहीं कर पा रहा हूं, लेकिन योग करने के कार्यक्रम से भाग नहीं रहा हूं। इसलिए आज भारतीय समयानुसार शाम 5.30 बजे संयुक्त राष्ट्र यानी ह के मुख्यालय में, एक विशाल कार्यक्रम हो रहा है। मैं उसमें शामिल होऊंगा।

भारत के आह्वान पर दुनिया के 180 से ज्यादा देशों का एक साथ आना ऐतिहासिक और अभूतपूर्व है। याद होगा 2014 में ह जनरल असैंबली में योग का प्रस्ताव आया तो रिकॉर्ड देशों ने इसका समर्थन किया। तब से योग एक वैश्विक आंदोलन बन गया है। एक ग्लोबल स्पिरट बन गया है।'

#### यूएन महासचिव बोले- योग लोगों को जोड़ता है

योग दिवस से एक दिन पहले ह के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि योग न केवल शरीर और मन को जोड़ता है, बल्कि दुनियाभर के लाखों लोगों को भी जोड़ता है। यह चिंता को कम करता है और मेंटल हेल्थ को बेहतर करने में मदद करता है।

### नेवी ने 10 देशों में ओशन रिंग ऑफ योगा बनाई, 19 जहाजों पर 3500 नौसैनिक 35 हजार किमी चले

**अंतरराष्ट्रीय** योग दिवस के मौके पर बुधवार को भारतीय नौसेना ने 10 देशों में अपने वॉरशिप भेजकर 'ओशन रिंग ऑफ योगा' बनाई। इसके जरिए नेशनल और इंटरनेशनल पोर्ट्स पर जाकर दुनिया को वसुधैव कुटुंबकम का मैसेज दिया। इसके लिए 3500 नौसैनिकों ने 19 जहाजों में सवार होकर करीब 35 हजार किमी का सफर तय किया। ये सभी नौसैनिक नौसेना के योग के ऐंबेस्डर के तौर पर प्रतिनिधित्व करेंगे। इनमें से 2400 नौसैनिक 11 नेवी जहाजों से इंटरनेशनल वॉटर्स में 10 विदेशी पोर्ट्स पर पहुंचे। इनके अलावा अलग-अलग देशों के नौसैनिक जहाजों पर सवार होकर करीब 1200 नेवी पर्सनल्स ने भी इस रिंग को बनाने में हिस्सा लिया।



तस्वीर इंडोनेशिया की है। यहां राजधानी जकार्ता के पोर्ट पर इंडियन नेवी के नौसैनिकों ने INS शिवालिक पर योग किया।

#### इन देशों तक पहुंचे नौसैनिक

बांग्लादेश के चटगांव, मिस्र के सफागा, इंडोनेशिया के जकार्ता, केन्या के मोम्बासा, मेडागास्कर के टोमासीना, ओमान के मस्कट, श्रीलंका के कोलंबो, थाईलैंड के फुकेत, मलेशिया में मलक्का और संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में पोर्ट कॉल तक ये वॉरशिप्स पहुंचे। यहीं से इन्होंने 'ओशन रिंग ऑफ योगा' का फॉर्मेशन किया। इस पहल में ह्वह्स किल्टन, चेन्नई, सुनैना, शिवालिक, त्रिशूल, तरकश, सुमित्रा, ब्रह्मपुत्र जैसे कई जहाज शामिल हुए।

### कांग्रेस के वकील भी शुवेंदु के समर्थन में, बंगाल पंचायत चुनाव की सुप्रीम सुनवाई के बाद अकेली पड़ीं ममता

**कोलकाता.** बंगाल पंचायत चुनावों में केंद्रीय बलों की तैनाती को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। इसके साथ ही निर्देश का पालन न करने को लेकर राज्य चुनाव आयोग समेत ममता सरकार को फटकार लगाई है। सबसे खास बात यह कि कांग्रेस ने भी इस पूरे मामले में बीजेपी का समर्थन करते हुए टीएमसी का विरोध किया है। कांग्रेस की ओर से वकील ने सुप्रीम कोर्ट में दलील रखते हुए बीजेपी नेता सुवेंदु अधिकारी के पक्ष को स्वीकार किया। इसके बाद ममता बनर्जी की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। बीते कुछ दिनों पहले ही ममता ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए निशाना साधा था कि अगर ऐसा हाल रहा तो फिर लोकसभा चुनाव में समर्थन की उम्मीद न करें।



#### टीएमसी पक्ष के वकीलों ने रखी यह दलील

बंगाल सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ अग्रवाल और राज्य चुनाव आयोग की ओर से मीनाक्षी अरोड़ा ने सुप्रीम कोर्ट के सामने दलील रखी। दोनों ने सुप्रीम कोर्ट को समझाने की कोशिश की कि कलकत्ता हाई कोर्ट ने 8 जुलाई को होने वाले पंचायत चुनावों के लिए केंद्रीय बलों की तैनाती का आदेश देने में गलती की थी। मतदान की तिथि घोषित होने के एक दिन बाद ही यह फैसला जल्दबाजी जैसा था।

### भारत ने यूएन में चीन और पाकिस्तान को दिखाया आईना, आतंकी साजिद मीर की सुनाई ऑडियो क्लिप

न्यूयॉर्क, एएनआई। भारत ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान स्थित लश्कर ए तैयबा के आतंकी साजिद मीर को वैश्विक आतंकी घोषित करने के लिए प्रस्ताव लाया था, जिसे चीन ने रोक दिया। इस पर भारत ने बुधवार को प्रतिक्रिया दी। भारत ने संयुक्त राष्ट्र में चीन के इस कदम की निंदा की। साथ ही भारत ने पाकिस्तान और चीन दोनों के यूएन में आईना दिखाया। भारत ने आतंकी साजिद मीर की ऑडियो क्लिप सुनाई। संयुक्त राष्ट्र में भारत ने जो ऑडियो क्लिप सुनाई है उसमें आतंकी साजिद मीर अपने दूसरे आतंकी को गोली चलाने की बात कहते सुना जा सकता है। आतंकी साजिद मीर बोल रहा है- जहां पर आपको मूवमेंट नजर आ रही है, छत पर जो भी आ रहा है, उस पर फायर ठोको...उसे नहीं पता कि यहां पर क्या हो रहा है। आतंकी साजिद मीर की बात सुनने के बाद सामने से दूसरा आतंकी इसके जवाब में कहता है कि इंशाअल्लाह...।

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, गुरुवार 22 जून 2023

# पूर्व विधायक विजय अग्रवाल के जन्मदिन पर गौरीशंकर मंदिर परिसर में हुआ अखंड रामायण

## हनुमान चालीसा के साथ महा भंडारा हजारों लोगों ने किया प्रसाद ग्रहण

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**रायगढ़ के पूर्व विधायक और भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय अग्रवाल के जन्मदिवस के अवसर शहर के हृदय स्थल में स्थित गौरीशंकर मंदिर में अखंड रामायण एवं सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया।**

अखंड रामायण सोमवार को पूर्वाह्न 10 बजे से प्रारंभ किया गया और समापन आज 20 जून को प्रात: 11 बजे हुआ। रामायण पाठ के पश्चात 1 घंटे तक भजन गायन और सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ हुआ । इसके पश्चात भगवान को भोग अर्पण करने के बाद भंडारे का आयोजन हुआ। अपने लोकप्रिय नेता के जन्म दिवस पर शहरवासियों और आस पास के क्षेत्र वासियों का उत्साह देखने लायक थी। शहरवासी स्त्री, पुरुष, बूढ़े, जवान, बच्चे सभी अपने प्रिय नेता के जन्म दिवस पर शामिल होने भारी संख्या में पहुंचे। इस मौके पर प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल भी विजय अग्रवाल को बधाई देने उपस्थित हुए। विजय अग्रवाल ने जन्म दिवस को इस अंदाज में मनाने का श्रेय अपने मित्रों और चाहनेवालों को दिया। शहरवासी और आस पास के अंचलों से भारी संख्या में आए हुए लोगों का विजय अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया। उन्होंने जनता के इस प्यार को अपनी पूंजी मानते हुए सबको धन्यवाद दिया। विजय अग्रवाल ने इस मौके पर पहुंच कर उनके जन्म दिवस को यादगार बनाने के लिए नारायण चंदेल का भी धन्यवाद ज्ञापन किया। शहर के गौरीशंकर मंदिर में चौबीस घंटे



अनवरत पवित्र मंत्र जय श्रीराम के मधुर जाप का गुंजन साथ ही साथ हर क्षण तमाम चाहने वालों के मिलने का सिलसिला सोमवार की सुबह से जो शुरू हुआ वह आज मंगलवार की शाम तक चलता रहा। लोगों के मिलन का यह खूबसूरत मंजर मंदिर परिसर में देखने को मिला। जहां रायगढ़ के जनप्रिय पूर्व विधायक मृदुभाषी बेहद मिलनसार, शीर्षस्थ मधुर वक्ता विजय अग्रवाल के जन्म दिन को रायगढ़ क्षेत्र के बेशुमार लोगों ने ऐतिहासिक एवं यादगार ढंग से मिलकर मनाया। वहीं तमाम चाहने वालों के असीम स्नेह व दुआओं की बारिश से जनप्रिय पूर्व विधायक विजय का मन खुशी से भर व भीग गया। रायगढ़ के जनप्रिय पूर्व विधायक मिलनसार व्यक्तित्व के धनी विजय अग्रवाल ने अपने जन्म दिन की खुशी में शहर के गौरीशंकर मंदिर में ऐतिहासिक एवं यादगार ढंग से अखंड रामायण पाठ का आयोजन किए। जिसमें जिले व प्रदेश भर के लोगों ने शामिल होकर उनको उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। वहीं पूरा मंदिर परिसर आज जय श्री राम के जयघोष से गुंजित हो गया।

### हनुमान चालीसा का हुआ पाठ

मंदिर परिसर में आज पूर्व विधायक विजय अग्रवाल अपने परिवार के सदस्यों के साथ सुबह दस बजे पूजा-अर्चना में बैठे और भगवान श्रीराम की महाआरती के पश्चात अखंड रामायण पाठ का समापन हुआ। इसके बाद मंदिर परिसर में हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे और भगवान श्रीराम के जयकारे के साथ हनुमान चालीसा का पाठ प्रारंभ हुआ। उपस्थित सभी लोगों ने एक मधुर स्वर से हनुमान चालीसा का पाठ किए। इसके पश्चात पं हरिमोहन मिश्रा और स्वामी शर्मा के सानिध्य में महाआरती की गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में भक्तगण शामिल हुए।

बधाई का चला दौर महाआरती पूजा अर्चना के बाद पूरे जिले के लोगों का बधाई देने का सिलसिला सुबह से रात तक अनवरत चलता रहा।

### दोपहर में हुआ महाभंडारा

*पूजा अर्चना व महाआरती के बाद दोपहर में महाभंडारा का आयोजन किया गया जिसमें शहर के अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्रों से दो हजार से अधिक की संख्या में पूर्व विधायक विजय अग्रवाल के चाहने वाले तमाम अपनों ने प्रसाद ग्रहण किया जो शाम चार बजे तक चलता रहा। और लोगों ने हृदय से जनप्रिय पूर्व विधायक विजय अग्रवाल को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। वहीं मृदुभाषी सादगी व्यक्तित्व से लबरेज जनप्रिय पूर्व विधायक विजय अग्रवाल ने बड़ी विनम्रता से जन्मदिन आयोजन में शामिल होने वाले समाज के हर व्यक्ति को हृदय से धन्यवाद देकर नमन् किए।*

## एक नजर

### 23 जून को स्वच्छ सरोवर अभियान से जिले को स्वच्छ बनाएं- कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।




कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने आज समय सीमा की बैठक में जिले के अधिकारियों को मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के घोषणाओं से संबंधित कार्यवाही को शीघ्र पूरा करने कहा। कलेक्टर ने बैठक में जिले के सी.मार्ट, रीपा, गोबर.पेंट, रासायनिक खाद और वर्मी खाद के वितरण, सड़क में बैठे हुए गाय को हटाने, शौचालयों के जियो टैगिंग, पशुओं के चारा उत्पादन, वृक्षारोपण, बेरोजगारी भत्ता, रोजगार मेला, आगामी मानसून में मौसम परिवर्तन के दौरान होने वाली बीमारियों के प्रति सचेत और बोर.बोरिंग, तालाब आदि स्थानों को स्वच्छ रखने, एनीमिया मुक्त छत्तीसगढ़, आयुष्मान, वनाधिकार पट्टा आदि के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की और आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने बैठक के दौरान जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि स्वच्छ सरोवर अभियान में शामिल होकर जिले को स्वच्छ बनाएं। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को कहा कि 23 जून को स्वच्छ सरोवर अभियान का आयोजन किया जा रहा है। संबंधित अधिकारी अपने क्षेत्र के तालाबों आदि में सुबह 5 से 9 बजे तक साफसफाई कर प्रकृति के प्रति अपने कर्त्तव्य का पालन करेंगे। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, संयुक्त कलेक्टर प्रकाश कुमार भारद्वाज, एसडीएम मोनिका वर्मा, डॉ. स्निग्धा तिवारी, नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान सहित जिले के अधिकारी उपस्थित थे।

### उपजाऊ जमीन ले ली, दो साल से लटकाया मुआवजा

कोरबा-चाम्पा एनएचएआई के निर्माणाधीन फोरलेन सड़क का मामला

**कोरबा** । निर्माणाधीन राष्ट्रीय राज मार्ग एनएच 149 बी कोरबा चाम्पा मुख्य मार्ग के ग्राम देवलापाठ निवासी 3 प्रभावित भूस्वामी शनिवार से निर्माणाधीन फोरलेन सड़क के मध्य आशियाना बनाएंगे। एनएचएआई जिला प्रशासन की अनदेखी से सालों से मुआवजा के लिए कलेक्टर एसडीएम को लिखित आवेदन कर गुहार लगाते लगाते थक चुके प्रभावितों के सब्र का बांध टूट गया है। नाराज भूस्वामियों ने निर्माणाधीन मार्ग में भवन निर्माण हेतु ईंट गिराकर 3 दिनों का अंतिम अल्टीमेटम दिया है। प्रभावितों के इस अनूठे विरोध प्रदर्शन से एनएच के अधिकारियों सहित ठेका फर्म में हड़कम्प मचा है।

यहां बताना होगा कि निर्माणाधीन राष्ट्रीय राज मार्ग एनएच 149 बी कोरबा चाम्पा में फोरलेन सड़क बनाने ग्राम देवलापाठ के किसान रामनाथ राठौर खसरा नंबर 809/1, नोहर लाल साहू खसरा नंबर 738/1, रामकुमार बरेठ खसरा नंबर 737 का भूमि अधिग्रहित की गई है। जिसके मुआवजा भुगतान के लिए तीनों किसान स्थानीय जनप्रतिनिधि झाम लाल साहू के साथ 28 अगस्त 2021 से लगातार आवेदन कर एसडीएम ऑफिस व कलेक्टोरेट कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं, लेकिन किसानों को अधिकारी/कर्मचारियों से सिर्फ आश्वासन मिला है। जब जमीन का समतलीकरण किया गया तो किसान रामनाथ राठौर ने विरोध इसका किया था। इस दौरान आश्वस्त किया गया था कि पखवाड़े भर के भीतर आपका मुआवजा मिल जाएगा लेकिन आज जब 6 माह बाद किसान से अर्जित जमीन पर डामरीकरण करने का काम चालू किया तब मुआवजा का इंतजार कर रहे किसान के सब्र का बांध टूट पड़ा प्रभावित किसान ने निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 149 बी कोरबा चाम्पा मुख्य मार्ग में घर बनाने के लिए ईंट पत्थर रख दिया। किसान ने दो टूक लहजे में कहा कि उपजाऊ जमीन देकर सोंचा था जिंदगी सवारने कुछ पैसे मिल जाएंगे पर अब मुआवजा के लिए 5 बार अधिकारियों के कार्यालय का चक्कर काट शरीरिक मानसिक रूप से थक चुके हैं।

# सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में मनाया गया योग दिवस

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।




एक विश्वए एक स्वास्थ्य की थीम पर 9वा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन सारंगढ़ के इंडोर स्टेडियम में किया गया। योग कार्यक्रम का शुभारंभ अरपा पैरी के धार गीत से शुरू हुआ। योग कार्यक्रम में प्रार्थना, चालान क्रियाएं, योगासन, कपालभाति, प्राणायाम, ध्यान, संकल्प और शांति पाठ के बाद मंच पर योग दलों द्वारा सूर्यासन, शीर्षासन का प्रदर्शन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक उत्तरी गनपत जांगड़े ने इस अवसर पर कहा कि महिलाएं समय निकालकर योग करके स्वास्थ्य लाभ ले सकती हैं। सभी लोग मोबाइल से दूर रहकर योग करके स्वस्थ रहें। कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने कहा कि योग शरीर के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इन्वेस्टमेंट के लिए योग अच्छा माध्यम है जिससे शरीर और मस्तिष्क स्वस्थ रहता है। यदि आपका शरीर और मस्तिष्क स्वस्थ है तो आप मनचाहे सब चीज हासिल कर सकते हैं। दैनिक दिनचर्या में किसी भी प्रकार का एक्टिविटी जैसे कार्य या खेल आदि को अपनाएं और स्वस्थ रहें। इस अवसर पर अध्यक्ष नगरपालिका सारंगढ़ की अध्यक्ष सोनी अजय बंजारे, जनप्रतिनिधि मंजूलता आनदं, जिला पंचायत सदस्य वैजयंती लहरे, सरिता चन्द्रा, पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह, अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, एसडीएम मोनिका वर्मा, अधिकारी-कर्मचारी, एनसीसी-राष्ट्रीय सेवा योजना, स्कूल-कॉलेज और सारबिला कोचिंग के छात्र-छात्राएं, नागरिकगण उपस्थित थे। जिले के स्कूल-कॉलेज, छात्रावास, आईटीआई, नगरीय निकायों, ग्राम पंचायत, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केन्द्र आदि में योग दिवस मनाया गया।



# विधायक भेट मुलाकात कार्यक्रम में बटाईकेला पहुंचे

## वरिष्ठ विधायक रामपुकार सिंह 50 लाख समरसता भवन का भूमिपूजन एवं 6.50 लाख सामुदायिक भवन लोकर्पण किया

जोहार छत्तीसगढ़-कांसाबेल।

वरिष्ठ विधायक पत्थलगांव भेट मुलाकात कार्यक्रम में कांसाबेल तहसील के बटाइकेला पहुंचे। जिसमें ग्रामीणों ने स्थानीय भजन कीर्तन मंडली एवं ढोल नगाड़ों से नृत्य कर स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भेट मुलाकात बटाईकेला कार्यक्रम के दौरान 50 लाख के समरसता भवन की घोषणा की हुई जिसका भूमिपूजन एवम शिव मंदिर प्रांगण में नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकर्पण वरिष्ठ विधायक रामपुकार सिंह के कर कमलों से संपन्न हुआ। ग्रामीणों ने मांगों व समस्याओं के निराकरण हेतु संबधित अधिकारियों को निर्देशित किया। कार्यक्रम के संबोधन में जिला सचिव हंसराज अग्रवाल,



लघुवनोपज संघ जिलाध्यक्ष मार्शल एक्का, पूर्व जिलाध्यक्ष यूथ रवि शर्मा, जनपद उपाध्यक्ष कुलवंत सिंह भाटिया ने बताया कि ग्राम पंचायत बटाईकेला को कांग्रेस सरकार 4 सालों में 2 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों सौगात विधायक रामपुकार सिंह पहल से मिली है साथ ही किसानों के सुविधा के लिए धान खरीदी केंद्र का शुभारंभ किया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि हम जनहित के कार्यों के सदैव तत्पर रहते है। और आप सबों की मांग को आपके हमारे सरकार तक पहुंचाते है। और मांगों को पूर्ण करने भरपूर प्रयास करते है। छत्तीसगढ़ भूपेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी विस्तार से बताते हुए कर्ज माफ ी, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, हाट बाजार क्लिनिक, 2640 धान समर्थन मूल्य, सुराजी ग्राम योजना, महिला स्व सहायता समूह की कर्जमाफी, न्याय योजनाओं के बारे में जानकारी दी और लाभ लेने हेतु लोगो को आगे आने को कहा।

# संस्कार स्कूल में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

## शिक्षक-शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं ने किया योगाभ्यास

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

शहर की प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्था संस्कार पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। योग प्रशिक्षक ने स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं को सामूहिक योगाभ्यास कराया और इसके महत्व बताए। संस्था के मार्गदर्शक रामचंद्र शर्मा ने बताया कि श्एक विश्व एक स्वास्थ्य की थीम पर इस साल अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल परिसर में सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया और छात्र-छात्राओं को नियमित रूप से योग करने के लिए प्रेरित किया गया। शर्मा ने कहा कि वर्तमान आपाधापी के इस युग में योग का महत्व और भी बढ़ गया है। योग से हमें अपने जीवन में संयम, अनुशासन और समर्पण की प्रेरणा मिलती है। विद्यार्थियों के लिए योग का महत्व और भी बढ़ जाता है। इससे हमारा शरीर स्वस्थ तो रहता ही हैए साथ ही मानसिक तनाव दूर होता है और हम एकाग्र होकर अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रख सकते हैं। उन्होंने सभी छात्र.छात्राओं व शिक्षकों को अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करने का आह्वान किया। इस मौके पर योग प्रशिक्षक ने विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया।



# 29 जून को शक्ति में नवनिर्मित मल्टी स्पेशलिटी गोमती देवी हॉस्पिटल का शुभारंभ करेंगे विधानसभा अध्यक्ष महंत

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ति।

शक्ति जिला अस्तित्व में आने के बाद जहां यहां विभिन्न क्षेत्रों में सुविधाओं का निरंतर विस्तार हो रहा है, वहीं स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी शक्ति जिला तेजी से आगे बढ़ रहा है तथा इसी श्रृंखला में 29 जून को शक्ति शहर में चिकित्सा के क्षेत्र में एक नई बड़ी कड़ी जुड़ने जा रही है, तथा शक्ति शहर के बाराद्वार रोड में जिले के एकमात्र सर्व सुविधा युक्त मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के रूप में गोमती देवी हॉस्पिटल का भव्य शुभारंभ होने जा रहा है, इस हॉस्पिटल का शुभारंभ 29 जून को शाम 4 बजे छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत करेंगे, इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता शक्ति जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर सूरज सिंह राठौर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में शहर के प्रतिष्ठित शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ तथा हरी हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ राजेश अग्रवाल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शक्ति में विधानसभा अध्यक्ष के विधायक प्रतिनिधि सुरेश अग्रवाल करेंगे। मल्टी स्पेशलिटी गोमती देवी हॉस्पिटल की




स्थापना शहर के बाराद्वार रोड में मां भीमेश्वरी देवी बेरी वाला मंदिर के पास की गई है, तथा इस हॉस्पिटल को सर्व सुविधा युक्त बनाया गया है एवं यहां आने वाले मरीजों को जहां चिकित्सा की बेहतर सुविधाएं 24 घंटे मिलेगी, तो वही मुख्य रूप से इस हॉस्पिटल में एक्सरे की सुविधा, पैथोलॉजी की सुविधा तथा एंबुलेंस की सुविधा भी उपलब्ध होगी एवं रामअवतार अग्रवाल एवं सांवडिया परिवार बाराद्वार ने भी जिले वासियों एवं क्षेत्रवासियों को इस हॉस्पिटल के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित होने का आग्रह किया है, वही शक्ति शहर में इस नवनिर्मित हॉस्पिटल के शुभारंभ होने से जहां चिकित्सा के क्षेत्र में सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी, वही वर्तमान में निजी क्षेत्र में देखा जाए तो शक्ति जिला मुख्यालय होने के बाद प्राइवेट सेक्टर के बड़े हॉस्पिटलों की कमी थी, किंतु इस हॉस्पिटल के प्रारंभ होने से यहां सभी प्रकार की सुविधाएं मरीजों को मिलेंगी, तथा इस हॉस्पिटल के शुभारंभ होने की खबरों से क्षेत्र में भी स्वास्थ सुविधाओं में बढ़ोतरी को लेकर लोगों में हर्ष व्याप्त है, तथा लोगों का कहना है कि शक्ति जिला बड़ा फैला हुआ क्षेत्र है तथा यहां सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं के अलावा भी लोगों को निजी सेक्टर की स्वास्थ्य सुविधाओं की आवश्यकता होती है, जो कि इस हॉस्पिटल के प्रारंभ होने से निश्चित रूप से पूर्ण होगी।

# तेजस्वी सूर्या पर कांग्रेस द्वारा ओछी टिप्पणी का ओपी ने दिया करारा जवाब

## ओपी ने कहा पीएससी में हुए भ्रष्टाचार के विरोध से कांग्रेस बौखलाई

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

पीएससी में हुए बड़े पैमाने के भ्रष्टाचार को लेकर भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या की मोजुदगी में राजधानी में हुए विरोध प्रदर्शन से बौखलाई कांग्रेस द्वारा स्तरहीन बयान बाजी का करारा जवाब देते हुए प्रदेश भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने कहा राष्ट्रीय अध्यक्ष सूर्या को लेकर की गई अपमानजनक टिप्पणी के दौरान कांग्रेस सारी मर्यादाये भूल गई। भाजपा नेता ओपी ने कहा सूबे के मुखिया ने यदि मां का दूध पिया है तो वे मामले की सीबीआई जांच या हाई कोर्ट की निगरानी में न्यायिक कमेटी गठित करने की सार्वजनिक घोषणा। छत्तीसगढ़ी युवा भाई बहनों के हक की लड़ाई के लिए भाजयुमो के नेतृत्व में भाजपा ने विपक्ष धर्म निभाते हुए



राजधानी में सड़क की लड़ाई लड़ी भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या इस सड़क की लड़ाई के दौरान गिरफ्तार हुए। भाजपा के विरोध प्रदर्शन से कांग्रेस बौखला गई है। छत्तीसगढ़ी युवा भाई बहनों को दबाने थाने में बैठा कर धमकाया गया। उन पर एफ आईआर दर्ज की गई। कई लोगों को जीएसटी की नोटिस दी गई उसके बावजूद विरोध की आवाज नहीं दबी। भारतीय जनता पार्टी का युवा मोर्चा जब युवाओं की आवाज बनकर सड़क की लड़ाई के लिए उतरा तब भाषाओं की सारी मर्यादाये भूलते हुए कांग्रेस प्रवक्ता ने राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्य के लिए स्तर हीन भाषा का उपयोग करते हुए मां का दूध पिया है जैसे अपशब्दों का उपयोग किया। इस बयान की निंदा करते हुए ओपी चौधरी ने कांग्रेस के बयान को कायरना एवं बचकाना बताया। छत्तीसगढ़ पीएससी में हुए भ्रष्टाचार के प्रमाणिक तथ्य देते हुए ओपी ने कहा पीएससी से संबंधित कैंडिडेट के दस्तावेजों को नष्ट करने का टेंडर जारी क्यों किया गया। पीएससी के चेयरमेन के रिश्तेदार परिक्षा में शामिल हुए उसके बाद चेयर मेन ने स्वय को परीक्षा से पृथक करने की सार्वजनिक घोषणा क्यों नहीं की जबकि यह प्राकृतिक सिद्धांत है कि यदि कोई रिश्तेदार शामिल होता है तो स्वय को परीक्षा की प्रक्रिया से अलग खना चाहिए भाजपा की सत्ता के दौरान न पीएसी के लिए ऐसे नियम बनाए गए जिसकी पूरे चर्चा देश में हुई। मां का दूध पीने जैसे अमर्यादित बयान देने वाली कांग्रेस के बयान पर आपत्ति जताते हुए ओपी ने कहा छत्तीसगढ़ के युवा भाई बहनों के साथ हुए अन्याय की लड़ाई भाजपा समर्पित होकर लड़ रही है। छत्तीसगढ़ युवा भाई बहनों के साथ हो रहे अन्याय को भाजपा स्वीकार नहीं करेगी। भाजपा की सरकार बनते ही तत्काल सीबीआई जांच का आदेश देने का वादा करते हुए ओपी ने कहा इस जांच से दूध का दूध पानी का पानी स्पष्ट हो जाएगा। कांग्रेसियों के मां के दूध ने प्रदेश में केवल माफिया राज स्थापित करने वाले एवम भ्रष्टाचार करने वालो को पोषित किया है। सत्ता मे बैठे लोगों स्वार्थ में इस कदर अंधे हो चुके है कि उन्हें जमीनी आक्रोश नजर नहीं आ रहा।

### कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के साथ जिला स्तरीय अधिकारियों ने किया योगाभ्यास

# 9 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवसः जीवन में स्वास्थ्य ठीक है तो सब कुछ है-विधायक प्रकाश नायक








जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

एक विश्व एक स्वास्थ्य' थीम के साथ शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम, रायगढ़ में विधायक श्र्प्रकाश नायक के मुख्य आतिथ्य में आज 9 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस मौके पर विधायक प्रकाश नायक ने योग दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हम योग दिवस इसलिए मानते है ताकि स्वास्थ्य ठीक रहें। स्वास्थ्य हमारे जीवन के लिए महत्वपूर्ण हैं । योग करने से शरीर को फायदा मिलता है वही दिनभर स्फूर्ति और पॉजिटिव एनर्जी बनी रहती है। आज हमारे देश में ही नहीं बल्कि विश्व में योग दिवस मनाया जा रहा हैं, उन्होंने सभी से आग्रह किया कि आज ही नहीं बल्कि प्रतिदिन योग करें, उन्होंने कहा कि जीवन में स्वास्थ्य ठीक है तो सब कुछ ठीक है।

योग दिवस के अवसर पर कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि 'करे योग-रहे निरोग' सूत्र वाक्य के साथ आज शहर के शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। जहां बड़ी संख्या में जन प्रतिनिधि, आमजन, अधिकारी-कर्मचारियों एवं बच्चों ने भाग लिया। वसुधैव कुटुम्बकम के सूत्र वाक्य के साथ पहली बार भारत नहीं पूरे विश्व में योग अभ्यास किया जा रहा हैं। आज जिला मुख्यालय के साथ पूरे जिले में योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही सभी अमृत सरोवरों में योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जहां लोगों ने योगाभ्यास किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, महापौर श्रीमती जानकी काटजू, सभापति श्री जयंत ठेठवार, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती संगीता गुप्ता, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार, डीएफओ सुश्री स्टायलो मंडावी, सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, अपर कलेक्टर राजीव पांडेय, उप संचालक समाज कल्याण आलोक भवाल सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी व गणमान्य नागरिकों ने कार्यक्रम में शामिल होकर सामूहिक योगाभ्यास किया। रायगढ़ स्टेडियम में आयोजित योग कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक श्रीमती चुलेश्वरी रिंकू साव एवं टीम ने योगा अभ्यास कराया। इस मौके पर स्कूली बच्चों द्वारा योग पर आधारित रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन प्राचार्य राजेश डेनियल ने किया।

## जिले भर में हुआ योगाभ्यास कार्यक्रम

जिला मुख्यालय के अलावा जिले भर में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय कार्यालय, स्कूल परिसर, नरेगा कार्य स्थल, गोठान, अमृत सरोवर जैसे स्थान शामिल रहें। जहां योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

जिले के विभिन्न विकासखंड के ग्राम-तुरूंगा एवं पुटकापानी नरेगा स्थल, मिडमिडा गोठान शेड, सुपा गोठान, छोटे हरदी, डूमरपाली, बासनपाली, कोडपाली, लारा, छपोरा, सुटुपाली, हमीरपुर तमनार, बिंजकोट खरसिया, रुडूकेला, नारायणपुर, लिबरा, खम्हार, भुइयांपाली आंगनबाड़ी सारसमाल जैसे विभिन्न गांवों में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

## बिहान की दीदियों ने दिया योग पर संदेश, किया योगाभ्यास

*अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बिहान की दीदियों द्वारा योग करें, निरोग रहें का नारा देते हुए प्रभात फेरी निकाल कर जनसामान्य को जागरूक किया और योगाभ्यास किया। बिहान से जुड़े जिले भर के स्व-सहायता समूहों के दीदियों ने आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में स्वयं, अपने परिवार तथा अपने परिवेश को रोगमुक्त करने के लिए सभी गांव वासियों को स्वस्थ रहने का संदेश दिया और योगाभ्यास को अपने दिनचर्या में शामिल करने हेतु संकल्प लिया।*

## एक नजर

### ''बहादुर कलारिन सम्मान'' हेतु आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा राज्य स्तरीय अलंकरण समारोह में महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष, नारी उत्थान हेतु अभूतपूर्व कार्य करने वाली महिला को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से ''बहादुर कलारिन सम्मान'' देने का निर्णय लिया गया। बहादुर कलारिन सम्मान अंतर्गत राज्य शासन द्वारा पुरस्कार के रूप में 2 लाख रूपये नगद, चेक तथा प्रतीक चिन्ह से युक्त पट्टिका प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। सम्मान से संबंधित विस्तृत दिशा निर्देश एवं फार्म का प्रारूप कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) में कार्यालयीन समय में प्राप्त कर सकते है।

### पशु चारा गोदाम में लगी भीषण आग

मौके पर दमकल की टीम, लाखों का समान जलकर खाक, देखें खौफनाक



**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले से बड़ी खबर सामने आई है. जहां पशु चारा गोदाम में भीषण आग लग गई है. बताया जा रहा है कि, शार्ट सर्किट होने से आग लगी है. वही रखा लाखों का पशु चारा जलकर खाक हो गया। आग की सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची। जहां करंट की चपेट आने से एक दमकल कर्मी बुरी तरह घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, सूरजपुर जिले के ऊंचडीह के डुमरिया स्थित पशु चारा भूसा गोदाम में भीषण लग गई। जिसकी सूचना मिलते ही कई दमकल की टीम वहां मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। बताया जा रहा है कि आग शार्ट सर्किट की वजह से लगी। आग बुझाने के कार्य के दौरान दमकल कर्मी उज्जैन सिंह बुरी करंट की चपेट में आ गया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। जिसके बाद उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज जारी है।

### भरत देवांगन विद्यालय खरोरा में अंतराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया





**खरोरा।** भरत देवांगन उत्कृष्ट हिंदी/अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खरोरा में अंतराष्टीय योग दिवस का आयोजन किया गया ।विद्यालय के व्यायाम टीचर योगेंद्र त्रिपाठी ने सर्वप्रथम प्रार्थना कराया पश्चात शिथिलीकरण अभ्यास, ग्रीवा चालन, स्कंध संचालन, कटि संचालन, घुटना संचालन क्रिया कराया गया ।खड़े होकर ताड़ासन, वृक्ष आसन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन पश्चात भद्रासन, वज्रासन, शशकासन, मंडूकासन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन ,पवनमुक्तासन, शवासन ,प्राणायाम भ्रामरी प्राणायाम, जैसे योग क्रिया कराया गया ।संकल्प व शांति पाठ। हरीश देवांगन ने किया ।संकल्प सभी ने लिया कि मैं संकल्प लेता हूं कि, सर्वदा अपनी सोच में संतुलन बनाये रखूंगा, ऐसी मनः स्थिति मेरे उच्चतम आत्मविकास की असीम संभावनाएं प्रदान करती है, पश्चात शान्ति पाठ किया गया ।आज के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ईश्वरी प्रसाद देवांगन, धनेश वर्मा, प्राचार्य रजनी मिंज, उपप्राचार्य हरीश देवांगन, व्याख्याता शाहिना परवीन, डोमार यादव, पी देवांगन, महेंद्र साहू,जे बंजारे,श्वेता शर्मा, संगीता नायक,सुनीता सिंह,रीता रानी वर्मा,सी खरे, जयंती साहू नेहा राठौड़, बृजेश्वरी महिलांगे, गीतांजलि पान, अमर बर्मन सहित 210 छात्र छात्रायें उपस्थित थे।

# जिले में खाद बीज का हुआ पर्याप्त भंडारण, कलेक्टर सिन्हा ने की समीक्षा

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज जिले में खाद बीज के उपलब्धता के संबंध में समीक्षा बैठक ली। उन्होंने जिले में अब तक भंडारित खाद के बारे में जानकारी ली। उप संचालक कृषि अनिल वर्मा ने बताया कि अब तक 22 हजार 865 मीट्रिक टन का भंडारण डबल लाक एवं समितियों में कर लिया गया है एवं सभी खाद जिले में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। इसके साथ ही अब तक 9043 मीट्रिक टन खाद का वितरण किसानों को किया जा चुका है। कलेक्टर सिन्हा ने खाद वितरण में किसानों की सुविधा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बारिश प्रारंभ होने पर कृषकों द्वारा खाद की माँग बढ़ जाने पर समितियों को अवकाश में भी खोलने हेतु निर्देशित किया, जिससे कृषकों को खाद आसानी से उपलब्ध हो सके। इसके अतिरिक्त कलेक्टर सिन्हा ने कृषि विभाग को निजी एवं सहकारी समितियों का निरंतर निरीक्षण कर खाद बिक्री की जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इसके लिए एक जिला स्तरीय टीम गठित करने के लिए कहा। साथ ही सभी अनुविभाग के एसडीएम से समन्वय कर नियमित रूप से पूरे जिले में खाद की सही दर पर बिक्री, खाद की क्वालिटी की जांच करने और अवैध भंडारण पर कारवाही के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान उप संचालक कृषि अनिल वर्मा, डीएमओ प्रवीण पैंकरा और अपेक्स बैंक के नोडल अधिकारी सुनील सोढ़ी उपस्थित थे।

# रायगढ़ भाजपा द्वारा आयोजित योग कार्यक्रम में शामिल हुए सुनील रामदास

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



विश्व योग दिवस पर रायगढ़ के भाजपा कार्यालय में योग का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस आयोजन में भाजपा नेता व रामदास द्रौपदी फाउंडेशन के चेयरमैन सुनील रामदास सम्मिलित होकर योग किए। उन्होंने इस विषय में बताया कि भारत के चिन्तक रहे गुरू गोलवरकर कहते हैं कि विज्ञान जितना प्रगति करेगा उतना ही सनातन के समीप या नजदीक पहुंचेगा, जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण योग है। भारत के चेतना से उत्पन्न हुए योग को आज विज्ञान भी कह रहा है कि यह मानसिक तनाव को दूर करने का सबसे उत्कृष्ट उपकरण है। अतः कोई व्यक्ति रोज योग साधना करता है, तो वह व्यक्ति मानसिक तनाव से दूर रहेगा, साथ ही योग मनुष्य को स्वस्थ व लम्बा जीवन भी देता है। इस संदर्भ में पतंजलि योग सूत्र कहता है कि मनुष्य योग के माध्यम से अत्म चैतन्यता को भी स्वयं में जाग्रत कर सकता है। इसका अर्थ यह है कि योग मानवीय जीवन का सबसे महत्त्वपूर्ण उपादान है और इसके माध्यम से व्यक्ति स्वस्थ और लम्बा जीवन के साथ ही परम चेतना को भी प्राप्त कर सकता है। इसलिए मैं प्रदेश के सभी जनमानस से अनुरोध करूंगा कि सभी अपने जीवन में योग को अंगीकृत करें अर्थात् अपनाएं।

# डायल 112 पर तलवार धारी ने किया हमला, बाल-बाल बचे सिपाही और ड्राइवर




**भिलाई।** वैशाली नगर थाना क्षेत्र में एक बदमाश ने डायल 112 की टीम पर हमला कर दिया. आरोपी तलवार लेकर एक व्यक्ति को मारने के लिए दौड़ा रहा था. वह व्यक्ति जान बचाने के लिए भाग रहा था और भागते-भागते ही उसने डायल 112 पर फोन किया. इसकी सूचना मिलते ही वैशाली नगर थाने की डायल 112 की टीम तुरंत रामनगर कब्रिस्तान के पास पहुंच गई. लेकिन पुलिस को देखकर आरोपी रुका नहीं, बल्कि शख्स को जान से मारने के लिए तेजी से भागने लगा.इस दौरान जब 112 की टीम ने उसे रोका तो उसने तलवार से वाहन पर तलवार मारा. सीएसपी निखिल रखेचा के मुताबिक डायल 112 को सूचना मिली की थानू यादव हाथ में तलवार लेकर रामनगर कब्रिस्तान के पास एक व्यक्ति को दौड़ा रहा है.सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची.पुलिस ने देखा कि थानू यादव एक व्यक्ति का हाथ में तलवार लेकर पीछा कर रहा है. इस दौरान जब पुलिस की टीम ने थानू को रोकने की कोशिश की तो उसने सिपाही विजय नाग और ड्राइवर को मारने की कोशिश की.आरोपी ने गाड़ी की कांच पर तलवार से हमला किया.जिसमें ड्राइवर को चोट आई.फिर वो चंद्रा मौर्या टॉकिज के अंडर ब्रिज से होता हुआ भाग गया. पुलिस आरोपी को पकड़ने के लिए उसके पीछे भागी.जो सेक्टर 4 एरिया में जमीन पर पड़ा हुआ मिला.नशे में होने के कारण आरोपी रास्ते में ही बेहोश हो गया था. इसके बाद पुलिस ने उसे पकड़ा,जिसे सिर में चोट लगने के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया.आरोपी के खिलाफ पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा, तोड़फोड़ और आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है.

# उसूर ब्लॉक के अंदरूनी इलाकों में पहुंचे विधायक विक्रम मंडावी

जोहार छत्तीसगढ़-बीजापुर।

बीजापुर के विधायक एवं बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास के उपाध्यक्ष विक्रम मंडावी बीते मंगलवार और बुधवार को जिले के अंदरूनी क्षेत्र उसूर ब्लॉक के दौरे पर थे। इस दौरान वे सुकमा जिले के ग्राम सिलगेर भी पहुंचे और ग्रामीणों से मुलाकात कर उनसे चर्चा की।



इसके अलावा विधायक विक्रम मंडावी बीजापुर जिले के ग्राम तर्रेम, कोरसागुड़ा, लिंगागिरी, बासागुड़ा, फु तकेल, तिम्मापुर, मुरदण्डा, कमरगुड़ा, प्रीत विहार कालोनी, सीतापुर, पेरमपल्ली और ग्राम उसूर आदि ग्रामों में पहुंच कर ग्रामीणों संग जनचौपाल लगाया और ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर समस्याओं को जल्द पूरा करने का भरोसा ग्रामीणों को दिया। विधायक विक्रम मंडावी ने अपने दौरे के दौरान विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और नये विकास कार्यों का भूमि पूजन कर ग्रामीणों को कई विकास कार्यों की सौगात भी दिया है। विधायक विक्रम मंडावी का गाँवों में पहुंचना और ग्रामीणों के साथ जनचौपाल लगाकर ग्रामीणों की और गांव की समस्याओं को सुनना ग्रामीणों को खूब रास आया विधायक के इस दौरे से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है। अपने दो दिवसीय दौरे पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि उसूर ब्लॉक के अंदरूनी क्षेत्रों के ग्रामीण स्कूल, अस्पताल, बिजली और राशन दुकान जैसे मूलभूत जरूरतों की मांग कर रहे थे जिन्हें पूरा कर दिया गया है अब आश्रम, स्कूल, अस्पताल और राशन दुकाने गांवों में ही खोल दिये गये है इससे ग्रामीणों में सरकार के प्रति भरोसा जागा है यह विकास के लिए अच्छा संकेत है शासन की योजनाओं का लाभ आम लोगों को आसानी से मिले इस दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है।

दौरे के दौरान बीजापुर जिला और उसूर ब्लॉक के जनप्रतिनिधि अधिकारी साथ थे।

# प्रभारी कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक


जनशिकायत के लंबित प्रकरणों का तेजी से करे निराकरण- प्रभारी कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



प्रभारी कलेक्टर बीरेन्द्र लकड़ा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। बैठक में प्रभारी कलेक्टर ने विभिन्न विभागों से संबंधित प्राप्त हुवे जनशिकायत के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व और तहसीलदारों को अविवादित, विवादित, नामांतरण, बटवारा, सीमांकन आदि राजस्व कार्यों में तेजी लाते हुवे लंबित प्रकरणों का तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए है। समय सीमा की बैठक में प्रभारी कलेक्टर ने सभी विभागों के लंबित टीएल प्रकरणों और जनशिकायत की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में खाद और बीज के भण्डारण तथा उठाव की जानकारी लेते हुए सभी समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद बीज का भण्डारण तथा किसानों के मांग तथा आवश्यकता के अनुरूप सुव्यवस्थित ढंग से वितरण कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग अंतर्गत किए जा रहे स्कूल जतन योजना तथा अन्य निर्माण कार्यों के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने आगामी निर्वाचन के तैयारियों की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जिले के विभिन्न विभागों के विभागीय कार्य तथा लंबित प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा करते हुए अधिकारियों को गंभीरता से इनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने बैठक में गोधन न्याय योजना, रीपा योजना, बेरोजगारी भत्ता, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, चिटफंड, प्रधानमंत्री आवास योजना, डीएमएफ मद अंतर्गत किए जा रहे निर्माण कार्यों सहित अन्य निर्माण कार्यो की अद्यतन स्थिति, जल जीवन मिशन के कार्य, अमृत सरोवर योजना, सी.मार्ट, विधवा पेंशन सहित विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा किए। इसके साथ ही कलेक्टर ने अन्य विभिन्न महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सर्व एसडीएम, तहसीलदार तथा विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## टीकू वेड्स शेरू में नवाजुद्दीन की जोड़ीदार बनी हैं अवनीत कौर



पिछले कई दिनों से फिल्म टीकू वेड्स शेरू सुर्खियों में है। यह बतौर निर्माता कंगना रनौत की पहली फिल्म है, जो उनके प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बनी है। इस फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी और अवनीत कौर ने मुख्य भूमिका निभाई है। यह फिल्म 23 जून को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होने वाली है, जिसका ट्रेलर दर्शकों को बेहद पसंद आया है। आइए जानते हैं इसके लिए किस कलाकार ने कितनी फीस ली हे।

नवाजुद्दीन को पिछली बार सुधीर मिश्रा की फिल्म अफवाह में देखा गया था। हालांकि, उनकी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर पानी तक नहीं मांगा।



## असल जिंदगी में काफी ग्लैमरस है नई सवि, खूबसूरती में आयशा सिंह को देती हैं टक्कर

स्टार प्लस के धमाकेदार सीरियल गुम है किसी के प्यार में में जल्द ही लीप आने वाला है, जिसके बाद सई और विराट की प्रेम कहानी खत्म हो जाएगी। लेकिन लीप के बाद गुम है किसी के प्यार में में सवि की कहानी शुरू होगी, जो कि सई और विराट की बेटी है।

सवि के किरदार के लिए एक्ट्रेस भाविका शर्मा को तय कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि उन्होंने पहले एपिसोड की शूटिंग भी कर ली है। बता दें कि भाविका शर्मा असल जिंदगी में काफी ग्लैमरस हैं। यूं तो गुम है किसी के प्यार में की लीड एक्ट्रेस के लिए कई हसीनाओं का नाम सामने आया। उल्का गुप्ता का नाम काफी दिनों तक चर्चा में बना हुआ था। लेकिन बाजी भाविका शर्मा ने मारी। गुम है किसी के प्यार में के करीबी सूत्रों ने बताया कि भाविका शर्मा ने शो का पहला एपिसोड शूट कर लिया है। इसके अलावा वह जल्द ही अभिषेक निगम के साथ प्रोमो भी शूट करने वाली हैं। भाविका शर्मा की फोटोज देखकर कहा जा सकता है कि उनका ड्रेसिंग और फैशन सेंस कमाल का है। हर एक लुक में वह काफी खूबसूरत लगीं, फिर चाहे वह लुक वेस्टर्न हो या ट्रेडिशनल। भाविका शर्मा की ज्यादातर तस्वीरों में देखा गया है कि वह वैकेशन के लिए बीच पर ही गई हैं। ऐसे में माना जा सकता है कि वह बीच लवर हैं। उनकी हाल ही की फोटो भी मालदीव से जुड़ी हैं। भाविका शर्मा अपनी कई फोटोज में ट्रेडिशनल ड्रेस पहने नजर आईं। लेकिन खास बात तो यह है कि वह ट्रेडिशनल लुक में भी ग्लैमर का तड़का लगाने से नहीं चूकती हैं। गुम है किसी के प्यार में की सई यानी भाविका शर्मा खूबसूरत और ग्लैमरस हैं। वहीं भाविका शर्मा भी अपनी ऑनस्क्रीन मां से कुछ कम नहीं हैं।

## साउथ की खूबसूरत हसीना ईशान्या ने बिकिनी पहन सोशल मीडिया पर लगाई आग

दक्षिण भारत की खूबसूरत और बोल्ड एक्ट्रेस ईशान्या माहेश्वरी आए दिन अपनी बिकिन लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर के फैंस का अटेंशन अपनी ओर खींचती रहती हैं। इन दिनों एक्ट्रेस अपने काम से ब्रेक लेकर वेकेशन एन्जॉय कर रही हैं। वहीं से एक्ट्रेस ने अपनी बोल्ड फोटोज शेयर की हैं। साउथ एक्ट्रेस ईशान्या माहेश्वरी का इंस्टाग्राम उनकी बोल्ड बिकिनी फोटोज से भरा हुआ है।

एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को देखकर लगता है कि उन्हें वेकेशन एन्जॉय करना बेहद पसंद है। हाल ही में एक्ट्रेस ईशान्या माहेश्वरी ने अपने दुबई वेकेशन की कुछ फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनकी हॉट और ग्लैमरस अदाएं देखकर फैंस आहें भर रहे हैं। साथ ही उनके लुक्स को ने उन्हें दीवाना बना दिया है। ईशान्या माहेश्वरी ने अपनी इन लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान ऑरेंज कलर की स्टाइलिश बिकिनी पहनी हुई है। एक्ट्रेस अपने इस लुक में बेहद ही सिजलिंग और हॉट नजर आ रही हैं। अपने इस लुक में ईशान्या परफेक्ट टोन्ड फिगर फ्लॉन्ट करती हुई दिखाई दे रही हैं। ओपन कर्ली हेयर, आखों में सनग्लासेस और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ईशान्या माहेश्वरी ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। एक्ट्रेस सोशल मीडिया लवर हैं और इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी अच्छी-खासी है।



## केजीएफ स्टार यश ने रामायण में रावण बनने से किया इनकार



पिछले कई दिनों से निर्देशक नितेश तिवारी की फिल्म रामायण सुर्खियों में है। बीते दिनों रणबीर कपूर और आलिया भट्ट का नाम जब इससे जुड़ा तो सोशल मीडिया पर बवाल मच गया। यह चर्चा भी जोरों पर थी कि फिल्म में केजीएफ स्टार यश इस फिल्म में रावण की भूमिका निभाने वाले हैं। अब खबर है कि उन्होंने इस फिल्म में काम करने से इनकार कर दिया है। उनके इस इनकार की वजह क्या है, आइए जानते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, यश फिल्म से जुड़ने को बेहद उत्साहित थे। राम के मुकाबले रावण की भूमिका निभाना उनके लिए ज्यादा चुनौतीपूर्ण है। जब उन्हें पता चला कि रणबीर को राम की भूमिका सौंपी गई है तो वह ज्यादा उत्साहित हो गए, लेकिन उनकी टीम ने उन्हें फिल्म न करने की सलाह दी। यश ने भी महसूस किया कि प्रशंसक उन्हें नकारात्मक भूमिका में देखकर खुश नहीं होंगे, भले ही वो रावण जैसे शक्तिशाली विरोधी की ही क्यों न हो।

एक बातचीत में यश ने कहा था, मुझे अपने प्रशंसकों की भावनाओं को लेकर बहुत-बहुत सावधान रहना पड़ता है क्योंकि वे बहुत भावुक हैं। यही वजह है कि जब मैं उनकी इच्छा के खिलाफ जाता हूं तो वे जरूरत से ज्यादा नाराज हो जाते हैं। यश का अपने फैंस के प्रति समर्पण सबसे ऊपर है। अब रावण की भूमिका को ठुकराने का उनका यह फैसला उनके इसी अटूट समर्पण, प्यार और समर्थन को दर्शाता है।

## यशराज के बैनर तले डेब्यू करने जा रहे अहान पांडे, अगले साल शुरू होगी फिल्म



यशराज फिल्म्स के प्रमुख आदित्य चोपड़ा ने इंडस्ट्री में कई नए सितारों को लॉन्च किया और उन्हें सुपरस्टार बना दिया। रणवीर सिंह और अनुष्का शर्मा को भी इंडस्ट्री में लाने वाले आदित्य ही थे, वहीं अब वह एक स्टार किड को ब्रेक देने की तैयारी में हैं। दरअसल, खबर आ रही है कि आदित्य अनन्या पांडे के चचेरे भाई अहान पांडे को अपने बैनर तले लॉन्च करने जा रहे हैं, जिसकी तैयारी 3 साल से चल रही थी। रिपोर्ट्स के अनुसार, अहान पिछले 3 सालों से आदित्य के मार्गदर्शन में काम कर रहे हैं। अहान ने आदि को प्रभावित किया था। आदित्य का मानना है कि अहान आने वाले वर्षों में भारत के शीर्ष सितारों में अपनी जगह बनाने में सफल हो सकते हैं। सूत्र के मुताबिक, अहान के लिए यशराज के साथ अपना बॉलीवुड ब्रेक मिलने से बड़ी कोई उपलब्धि नहीं हो सकती थी। उनकी फिल्म अगले साल की शुरुआत में फ्लोर पर जाएगी।

## रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का टीजर जारी, 28 जुलाई को सिनेमाघरों में आएगी फिल्म



ऐ दिल है मुश्किल के बाद करण जौहर ने बतौर निर्देशक 7 साल बाद वापसी की है। उनके द्वारा निर्देशित रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का टीजर आज जारी किया गया है। टीजर को शाहरुख खान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया। करण जौहर की इस फिल्म में जहाँ आलिया भट्ट और रणवीर सिंह नजर आएंगे वहीं दूसरी ओर इस फिल्म में धर्मेन्द्र, जया बच्चन, शबाना आजमी भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे। यह करण जौहर स्टाइल की रोमांटिक ड्रामा कहानी है। टीजर को देखते ही दर्शकों को करण जौहर की कई रोमांटिक फिल्मों की याद आ जाती है। रॉकी और रानी के टीजर में फैमिली, ड्रामा, मसाला और रोमांस सब कुछ देखने को मिल रहा है। टीज़र इन शब्दों के साथ शुरू होता है करण जौहर आपको प्यार और परिवार का जश्न मनाने के लिए आमंत्रित करते हैं, दो भावनाएँ जो अब हर धर्मा फिल्म का पर्याय बन गई हैं। टीजर प्रदर्शन के साथ ही वायरल हो गया है। यह सबको पसन्द आने वाला है। यह फिल्म इस वर्ष 28 जुलाई को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने जा रही है। इस फिल्म के साथ करण फिल्ममेकर के तौर पर अपने बॉलीवुड में 25 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। उनके निर्देशन में बनी पहली फिल्म कुछ-कुछ होता है 1998 में प्रदर्शित हुई थी। शाहरुख खान ने भी रॉकी और रानी का टीजर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है।

## खेल

# भारत ने जीता पहला एमर्जिंग विमेंस एशिया कप

### *बांग्लादेश-ए को फाइनल में 31 रन से हराया, श्रेयांका पाटिल ने लिए 4 विकेट*

इंडिया विमेंस क्रिकेट टीम ने पहला एमर्जिंग एशिया कप जीत लिया है। टीम ने हॉन्ग कॉन्ग में खेले गए फाइनल में बांग्लादेश-ए को 31 रन से हारकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। भारत की ऑफ स्पिनर श्रेयांका पाटिल ने 4 विकेट लिए।

**2 मैच जीतकर चैंपियन बनी टीम इंडिया**



पहली पारी में वृंदा दिनेश ने 36 और कनिका आहूजा ने 30 रन बनाए। आहूजा ने दूसरी पारी में 2 विकेट भी लिए, इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला।

मॉन्ग कॉक के मैदान पर टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी टीम इंडिया ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 127 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश की टीम 19.2 ओवर में 96 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

टीम इंडिया ने इससे पहले ग्रुप स्टेज में एक ही मुकाबला जीता था, सेमीफाइनल समेत टीम के बाकी मैच बारिश के कारण बेनतीजा रहे थे। लेकिन टीम ने फाइनल जीता और ट्रॉफी उठाई। इस ट्रॉफी से पहले भारत ने इसी साल फरवरी में अंडर-19 विमेंस वर्ल्ड कप भी जीता था। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी भारत की शुरुआत खराब रही। टीम ने पावरप्ले में ही कप्तान श्वेता सेहरावत का विकेट गंवा दिया। श्वेता 20 बॉल पर 13 रन ही बना सकीं। उनके बाद वृंदा ने उमा छेत्री के साथ पारी आगे बढ़ाई, लेकिन उमा भी 22 रन बनाकर आउट हो गईं। वृंदा ने 36 रन बनाए और एक एंड से स्कोर बनाना जारी रखा, उन्हें कनिका आहूजा का साथ मिला। कनिका 23 बॉल में 30 रन बनाकर नॉटआउट रहीं और टीम का स्कोर 127 तक पहुंचाया। बाकी बैटर्स में गोंगडी त्रिषा 4, सौम्या तिवारी 3, श्रेयांका पाटिल 0, काश्वी गौतम 2 और तितास साधू 8 ही रन बना सकीं।

### मन्नत कश्यप ने दिए बांग्लादेश को शुरुआती झटके

128 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत खराब रही। टीम ने 19 रन पर ही दोनों ओपनर्स के विकेट गंवा दिए, दोनों विकेट स्पिनर मन्नत कश्यप ने लिए। सहाती रानी 13 और दिलारा अख्तर 5 रन ही बना सकीं। भारत की गेंदबाजों ने बांग्लादेश को लगातार झटके दिए। श्रेयांका पाटिल ने 4, कनिका आहूजा ने 2 और मन्नत कश्यप ने 3 विकेट लिए। तेज गेंदबाज तितास साधू ने बांग्लादेश की आखिरी बैटर संजिदा अख्तर को कैच आउट कराकर टीम को 96 रन पर समेट दिया।




4 विकेट | 13 रन | 3.25 इकोनॉमी रेट | 4 ओवर

बांग्लादेश से रानी के अलावा शोभना मोस्तरी ने 16 और नाहिदा अख्तर ने 17 रन बनाए। इनके अलावा बाकी बैटर्स में लता मोंडल ने 4, मुर्शिदा खातून ने 1, शोरना अख्तर ने 9, राबेया खान ने 6, सुल्ताना खातुन ने 4, मारुफा अख्तर ने 3 और संजिदा अख्तर ने 2 रन बनाए।

### श्रेंयाका पाटिल रहीं प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट


2 मैचों में 9 विकेट लेने वाले ऑफ स्पिनर श्रेयांका पाटिल प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहीं। उन्होंने हॉन्ग कॉन्ग के खिलाफ पहले मैच में महज 2 रन देकर 5 विकेट लिए थे।

## एक नजर

### रेसलर्स को बिना प्रैक्टिस देने होंगे ट्रायल!

एशियाई खेलों में भारतीय कुश्ती टीम के नाम भेजने के समय बढ़ाने की मांग ठुकरा सकता है OCA

एशियाई ओलिंपिक परिषद एशियाई खेलों के लिए भारतीय कुश्ती टीम के नाम भेजने के लिए 15 जुलाई की समय सीमा और बढ़ाने के भारतीय ओलिंपिक संघ के अनुरोध को ठुकरा सकता है। ये रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्रदर्शन करने वाले पहलवानों के लिए बड़ा झटका हो सकता है। ऐसा हुआ तो उनको बिना तैयारी के ट्रायल देने होंगे, क्योंकि लंबे समय तक चले प्रदर्शन के कारण उन्हें अभ्यास का समय नहीं मिला। एशियाई खेल चीन के हांगझोऊ में 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक होने हैं और IOA को खिलाड़ियों के नाम 15 जुलाई तक देने हैं। विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक समेत तमाम प्रदर्शनकारी पहलवान ट्रायल की तैयारी करना चाहते थे, जिसकी वजह से उन्होंने खेल मंत्रालय से ट्रायल अगस्त में कराने की गुजारिश की थी।



### OCA के लिए IOA के अनुरोध को मानना कठिन

IOA ने शुक्रवार को पहलवानों की ओर से OCA से बात की। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, OCA के लिए IOA के अनुरोध को मानना कठिन होगा। चूंकि राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने अनुरोध किया है तो OCA इस मामले पर विचार करेगा। हालांकि, OCA किसी देश की स्थानीय राजनीति में नहीं पड़ना चाहता। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार OCA को 40 इवेंट में 45 देशों को एशियाई खेलों में देखना है। ऐसे में IOA का कुश्ती के लिए समय सीमा बढ़ाने का अनुरोध मानना उसके लिए मुश्किल होगा। 4-5 दिन पर तो गौर किया जा सकता है, लेकिन 40-45 दिन के लिए समय सीमा बढ़ाना मुश्किल है।

टीम इंडिया का रोडमैप

### रोहित के नेतृत्व में युवा कप्तान तराशना होगा, कोहली बन सकते हैं टेस्ट स्पेशलिस्ट

भारत के लिए नई वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप का साइकल जुलाई में वेस्टइंडीज दौरे से शुरू होगा। 12 जुलाई से शुरू होने वाले इस दौरे पर भारतीय टीम दो टेस्ट की सीरीज खेलेगी। दो साल के साइकल में फाइनल 2025 में लॉर्ड्स पर खेला जाएगा। तब तक रोहित व अश्विन 38 साल के हो जाएंगे जबकि पुजारा व रहाणे 37, कोहली व जडेजा 36 और शमी 34 साल के हो जाएंगे।



जब अधिकतर खिलाड़ी 35+ की उम्र की ओर बढ़ रहे हैं तो यह देखना होगा कि भारतीय टीम प्रबंधन उनके क्या विकल्प तैयार कर रहा है। इसके अलावा भी कुछ सवाल हैं, जिनके जवाब भारत को इन दो साल में तलाशने होंगे। जानते हैं कि अगले दो साल में भारत का टेस्ट को लेकर रोडमैप क्या हो सकता है...

## मेसी की डबल कमाईःसऊदी लीग में न खेलने के बावजूद करोड़ों कमाएंगे, फ्री में छुट्टियां भी मना सकेंगे

सऊदी अरब ने हाल ही में खेल में बहुत निवेश किया है। इसकी मूल वजह स्पोर्ट्स वॉशिंग है। इस महीने फ्रांस के करीम बेंजेमा और एनगोलो कान्टे को भी लीग में शामिल करने में सऊदी के क्लब सफल रहे। हालांकि, सऊदी लियोनेल मेसी को लीग में शामिल करने में असफल रहा।

रिपोर्ट्स के अनुसार, सऊदी के अल-हिलाल क्लब ने मेसी को 3 हजार 590 करोड़ रुपए प्रति सीजन का ऑफर किया था। इसके बावजूद मेसी ने अमेरिका की मेजर सॉकर लीग (एमएलएस) में खेलना चुना। इसकी कई वजह हो सकती हैं। मेसी और इंटर मियामी के अनुबंध की रिपोर्ट्स पर भरोसा करने पर पता चलता है कि मेसी ने पैसों के बजाए दूरदर्शिता को चुना।



### सऊदी के ब्रांड एम्बेसडर बने रहने के लिए कुल 205 करोड़ रु.मिलेंगे

सऊदी लीग में शामिल न होने के बावजूद मेसी सऊदी से जुड़े रहेंगे। मेसी 2022 में सऊदी के ब्रांड एंबेसडर बनाए गए थे। एमएलएस से मिले ऑफर के बाद अब मेसी अमेरिका और सऊदी दोनों से व्यापारिक संबंध बनाए रखेंगे। सऊदी की डील के तहत उन्हें तीन साल ब्रांड एम्बेसडर बने रहने के लिए कुल 205 करोड़ रु. मिल सकते हैं। बतौर ब्रांड एम्बेसडर मेसी को तीन साल में कुछ एड शूट करने होंगे और कुछ सोशल मीडिया पोस्ट करने होंगे। मेसी के अनुबंध के तहत मेसी हर साल 5 दिन के लिए सऊदी में छुट्टियां मनाने आ सकते हैं, जिसके लिए उन्हें सऊदी 16 करोड़ रुपए देगी।

## वर्ल्ड कप के 2 वेन्यू बदलना चाहता है पाकिस्तान

*ऑस्ट्रेलिया से चेन्नई, अफगानिस्तान के खिलाफ बेंगलुरु में खेलने की इच्छा जताई; नहीं बताई वजह*

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल से 2023 वनडे वर्ल्ड कप में अपने दो लीग मैचों के वेन्यू की अदला-बदली करने की रिक्वेस्ट की है। पाकिस्तान को वर्ल्ड कप 2023 के संभावित शेड्यूल में 20 अक्टूबर को बेंगलुरु में ऑस्ट्रेलिया और 23 अक्टूबर को चेन्नई में अफगानिस्तान के साथ खेलना है। लेकिन PCB इन वेन्यू को बदलना चाहता है, वे बेंगलुरु में अफगानिस्तान और चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना चाहते हैं।

### PCB ने ICC को कोई विशेष कारण नहीं बताया



रिपोर्ट के अनुसार, PCB ने इसके लिए ICC को कोई विशेष कारण नहीं बताया। पाकिस्तान ने अनुरोध किया है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नई और अफगानिस्तान के खिलाफ मैच बेंगलुरु में ट्रांसफर किए जाएं। हालांकि, इस बात की पुष्टि नहीं की जा सकी है कि ICC पाकिस्तान बोर्ड की रिक्वेस्ट पर क्या फैसला लेने वाला है।

BCCI द्वारा ICC को सौंपे गए ड्राफ्ट शेड्यूल के अनुसार, पाकिस्तान 15 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मेजबान भारत के खिलाफ अपने पहले मैच में भिड़ेगा।

बता दें, आम तौर पर ICC इवेंट्स में वेन्यू तभी बदले जाते हैं जब सुरक्षा का मुद्दा हो। जैसे 2016 के टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान में 19 मार्च को धर्मशाला में भारत-पाकिस्तान मैच था, लेकिन भारत सरकार की ओर से कड़े सुरक्षा आश्वासन के अभाव में मैच को कोलकाता में ट्रांसफर कर दिया गया था।

# नवागढ़ में हर्षोल्लास के साथ निकली भगवान जगन्नाथ जी के रथ यात्रा भाजपा नेता डॉ, जगजीवन खरे ने हुई शामिल

जोहार छत्तीसगढ़ – बेमेतरा।



महापर्व भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा हर्षोल्लास के साथ निकाली गई इसी तारतम्य में नवागढ़ रोड के स्थित जगन्नाथ मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना किया गया। जिसके बाद विशेष रूप से सजाए गए रथ में भगवान जगन्नाथ व भाई बलभद्र के साथ बहन सुभद्रा की प्रतिमा स्थापित की गई। इस दौरान भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष डॉ, जगजीवन खरे समेत मोहल्ले एवं ग्रामवासियों ने रथ की परिक्रमा लगाई। जिसके बाद जयकारों की गूंज के साथ रथ खींचने के लिए भारी संख्या में लोग उत्साहित दिखे । एवं ग्राम के अन्य नागरिकगण,जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

इस दौरान नगर पंचायत से रथ यात्रा नृत्य पार्टी द्वारा ढोल,तासे और मांदर की थाप पर शानदार प्रदर्शन किया गया। आपको बता दें कि भगवान जगन्नाथ की निकल रही यात्रा में शामिल होने लोग उत्साहित नजर आए। लोग अपने घरों के सामने आरती की थाल धूप,अगरबत्ती लेकर भगवान जगन्नाथ के रथ यात्रा के स्वागत के लिए सड़कों किनारे खड़े हुए थे। यह यात्रा शहर के तीन मुख्य मार्गो से भ्रमण करते हुए जगन्नाथ मंदिर पहुंचेगी।

विदित हो कि प्रत्येक वर्ष नवागढ़ में भगवान जगन्नाथ की विधिवत पूजा अर्चना कर रथयात्रा धूमधाम से निकाली जाती है।जिसमें कई महीनों पूर्व से ही रथ के निर्माण में कारीगर लगे होते हैं और आकर्षक रूप से रथ को सजाया जाता है।

वहीं शहर में रथयात्रा के महापर्व को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रहे। एवं आवागमन बाधित ना होने को लेकर विशेष इंतजामात किए गए थे।नवागढ़ में हर्षोल्लास के साथ निकली भगवान जगन्नाथ जी के रथ यात्रा जिसमें भाजपा नेता डॉ, जगजीवन खरे ने हुई शामिल का महापर्व भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा हर्षोल्लास के साथ निकाली गई इसी तारतम्य में नवागढ़ रोड के स्थित जगन्नाथ मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना किया गया।

जिसके बाद विशेष रूप से सजाए गए रथ में भगवान जगन्नाथ व भाई बलभद्र के साथ बहन सुभद्रा की प्रतिमा स्थापित की गई। इस दौरान भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष डॉ, जगजीवन खरे समेत मोहल्ले एवं ग्रामवासियों ने रथ की परिक्रमा लगाई। जिसके बाद जयकारों की गूंज के साथ रथ खींचने के लिए भारी संख्या में लोग उत्साहित दिखे । एवं ग्राम के अन्य नागरिकगण,जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

इस दौरान नगर पंचायत से रथ यात्रा नृत्य पार्टी द्वारा ढोल,तासे और मांदर की थाप पर शानदार प्रदर्शन किया गया। आपको बता दें कि भगवान जगन्नाथ की निकल रही यात्रा में शामिल होने लोग उत्साहित नजर आए। लोग अपने घरों के सामने आरती की थाल धूप,अगरबत्ती लेकर भगवान जगन्नाथ के रथ यात्रा के स्वागत के लिए सड़कों किनारे खड़े हुए थे। यह यात्रा शहर के तीन मुख्य मार्गो से भ्रमण करते हुए जगन्नाथ मंदिर पहुंचेगी।

विदित हो कि प्रत्येक वर्ष नवागढ़ में भगवान जगन्नाथ की विधिवत पूजा अर्चना कर रथयात्रा धूमधाम से निकाली जाती है।जिसमें कई महीनों पूर्व से ही रथ के निर्माण में कारीगर लगे होते हैं और आकर्षक रूप से रथ को सजाया जाता है।

वहीं शहर में रथयात्रा के महापर्व को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रहे। एवं आवागमन बाधित ना होने को लेकर विशेष इंतजामात किए गए थे।

## एक नजर

### महिलाओं के उत्पीड़न से संबंधित प्राप्त प्रकरणों की सुनवाई आज

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के द्वारा महिलाओं के उत्पीड़न से संबंधित प्राप्त प्रकरणों की सुनवाई आयोग की गठित न्यायपीठ के अध्यक्ष किरण मयी नायक की उपस्थित में 22 जून 2023 को 11 बजे से कलेक्ट्रेट, सभाकक्षा जशपुर में आयोजित है।

### बगीचा तहसील कार्यालय के स्टेनो टायपिस्ट हुए पदोन्नत्

जिला कार्यालय जशपुर में किया गया पदस्थ

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

बगीचा तहसील कार्यालय के स्टेनो टायपिस्ट दुर्गाशंकर राम को छत्तीगसढ़ लोक सेवा पदोन्नति नियम 2003 के तहत् विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा अनुसार अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न रूप से स्टेनोग्राफर वर्ग 3 के पद पर कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से वेतनमान 5200-20200 एवं ग्रेड वेतन 2800 पुनरीक्षित वेतनमान वेतन मैट्रिक्स लेवल.7 में पदोन्नत कर जिला कार्यालय जशपुर में पदस्थ किया गया है। कलेक्टर डॉ रवि मित्तल के निर्देशानुसार संयुक्त कलेक्टर ने स्टेनो टायपिस्ट दुर्गाशंकर राम को विभिन्न शर्तो के तहत् पदोन्नत करते हुए आदेश जारी किया गया।

### जिले में 1 जून से अब 5.5 मिमी वर्षा

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

जशपुर जिले में 1 जून से अब तक 6.7 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 21 जून तक औसत वर्षा 87.5 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 1.2 मिमी वर्षा हुई है।

भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक तहसील मनोरा में 4.1 मिमी, दुलदुला में 1.0 मिमी, फरसाबहार में 1.0 एवं सन्ना में 4.6 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा सन्ना तहसील में दर्ज की गई है।

### आयुष विभाग द्वारा योग दिवस पर हर आंगन योग से स्वस्थ रहने का दिया संदेश

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।



आयुष हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर शासकीय आयुर्वेद औषधालय जशपुर के द्वारा एक विश्व एक स्वास्थ्य के थीम पर हर घर आंगन योग के संदेशों के जरिए आम नागरिकों को जागरूक किया गया। 21 जून को नवम अंतराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम सरनाटोली, सन्ना रोड़ स्थित शासकीय आयर्वेद औषधालय जशपुर में कार्यक्रम का संचालन योग प्रशिक्षिका मनीषा खलखो, जिला आयुर्वेद अधिकारी, विशेषज्ञ चिकित्सक, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी, आयुष विभाग के समस्त कर्मचारी जन उपस्थित थें। जिसमें सभी अधिकारी और जनसमान्य के सार्थक प्रयास से आयुष विभाग में कुल 98 हितग्राहियों को सामूहिक रूप से योग का अभ्यास करवाया गया। साथ ही कैसे योग के जरीये बेहतर स्वास्थय प्राप्त किया जाए की जानकारी दिया गया। आयुष विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक विश्व एक स्वास्थ्य थीम पर 5 दिवसीय योग शिविर का कार्यक्रम आज से जिले के 3 आयुष हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर्स जशपुरए अंकिरा और सरईपानी में शुरुआत किया गया।

# योग से भारत के विश्व गुरु बनने का मार्ग प्रशस्त हुआ -ओपी चौधरी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने प्रदेश वासियों बधाई दी। वर्ष 2015 में पहली बार पूरे विश्व ने योग दिवस मनाया और योग के जरिए भारत के विश्व गुरु बनने का मार्ग प्रशस्त हुआ। प्राचीन समय से भारत योग गुरु है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग लाभकारी एवं आवश्यक बताते हुए ओपी ने कहा योग का नियमित अभ्यास शरीर को रोगमुक्त रखने के साथ मन एवम चित्त को शांति देता है। भारत में ऋषि मुनियों के दौर से योगाभ्यास होता आ रहा है। योग भारतीय संस्कृति से जुड़ा है मोदी सरकार के प्रयासों से आजादी के बाद पहली बार इसका प्रसार विदेशों तक हो पाया। विदेशों तक योग के प्रसार का श्रेय योग गुरुओं को जाता है। भारतीय योग गुरुओं ने विदेशी जमीन पर योग की उपयोगिता और महत्व के बारे में जागरूक किया। आज दुनियाभर में योग को लोग अपने व्यवहारिक जीवन में शामिल कर रहे हैं। योगासनों के अभ्यास से स्वस्थ मन और तन की प्राप्ति



का प्रयास कर रहे हैं। योग की इसी उपयोगिता से विश्व को जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर योग दिवस मनाया जाता है। कोरोना काल के बाद योग का महत्व अधिक बढ़ गया। संक्रमण से लड़ने के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से लोग योग अभ्यास करने लगे। लेकिन इस दिन को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाने की शुरुआत साल 2015 से हो गई थी। इस वर्ष ही पहली बार पूरे विश्व में योग दिवस मनाया गया था। 27 सितंबर 2014 में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त महासभा में दुनिया के तमाम देशों से योग दिवस को मनाने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री मोदी के प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने स्वीकार करते हुए महज तीन माह के अंदर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन का ऐलान कर दिया। जिसके बाद अगले वर्ष 2015 में पहली बार विश्व ने योग दिवस मनाया। योग दिवस को मनाने के लिए 21 जून का दिन निश्चित किया है। यह तिथि उत्तरी गोलार्द्ध का सबसे लंबा दिन होता है। जिसे ग्रीष्म संक्रांति कहा जाता है । 21 जून 2015 को दुनिया भर 193 देशों ने पहला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।नरेंद्र मोदी और 84 देशों के गणमान्य व्यक्तियों सहित 35,985 लोगों ने नई दिल्ली में राजपथ पर 35 मिनट तक 21 आसन योग आसन किए।

# हर घर आंगन योग और एक विश्व, एक स्वास्थ्य, के संदेश के साथ जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन



जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जशपुर के रणजीता स्टेडियम ग्राउंड में जिला स्तरीय सामूहिक योग का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय योगा कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि गण, कलेक्टर, अधिकारी-कर्मचारी एवं नगर वासियों ने हर घरए आंगन योग और एक विश्व एक स्वास्थ्य के संदेश के साथ योग दिवस की शुरुआत किया। कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने विश्व योग दिवस की जिलेवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहेंए योग से तन और मन स्वस्थ रहता है नियमित योगाभ्यास करके बीमारियों से बचें। कार्यक्रम में जिला योग समन्वयक अशोक कुमार यादव, योग शिक्षक डमरूधर स्वर्णकार, कुमारी श्रद्धा स्वर्णकार, पवन रवानी और स्मिता जैन ने मन और शरीर के बीच सामंजस्य स्थापित करते हुए योग से स्वस्थ जीवन के लिए विभिन्न कलाओं आसनों का योगाभ्यास कराया। कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागियों द्वारा ग्रीवा चालन, भुजंगासन, पवनमुक्तासन सहित अनुलोम विलोम, योगाभ्यास, प्राणायाम एवं ध्यान का प्रदर्शन किया गया।



# केंद्र शासन के 9 वर्ष पूर्ण होने पर घर घर संपर्क अभियान की रूपरेखा तैयार करने हेतु टिफिन पर चर्चा

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।



भारतीय जनता पार्टी को केंद्र में 9 साल पूरे होने के उपलक्ष में पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा सुशासन व गरीब कल्याण महा जनसंपर्क अभियान के तहत विधानसभा पत्थलगांव के पूर्व विधायक शिव शंकर पैकरा के निवास बनगांव में भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता के मुख्य आतिथ्य व पूर्व विधायक शिव शंकर पैंकरा, जिला उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंह, कोषाध्यक्ष राम गर्ग, जिला पंचायत सदस्य सालिक साय, जिला मंत्री आनंद शर्मा, हरजीत सिंह भाटिया, गणेश जैन, रोशन साय, कमलजीत सिंह, चमर साय, रूपसिंह राठिया, अंकित बंसल, उमाशंकर भगत, सुरेंद्र बेसरा, हेमवती भगत, श्यामनारायण गुप्ता, खेमनिधि यादव की उपस्थिति में सम्पन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत व स्वागत उद्बोधन देते हुए जशपुर जिला पंचायत के सदस्य सालिक साय ने कहा कि हमे लगातार तैयार रहना है और जमीन पर उतरकर कार्य करना है और भूपेश बघेल की मायावी सरकार को उखाड़ फेंकना है आज केंद्रीय नेतृत्व के आह्वाहन और प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर विधानसभा स्तरीय टिफिन बैठक रखी गई है जिसमे हम सभी भाजपा कार्यकर्ता साथ मे एक दूसरे के टिफि न से भोजन कर आगामी रूप रेखा तैयार करेंगे। हम सभी को 23 से 30 जून तक केंद्रीय नेतृत्व के 9 साल के कार्यकाल के गुणगान घर घर जाकर करना है और प्रति व्यक्ति तक केंद्र शासन की योजनाओं व देश के उत्थान के विषय मे किये गए कार्यो की जानकारी देना है।

पत्थलगांव के पूर्व विधायक शिव शंकर पैंकरा ने कहा कि आने वाले साल के अंत मे विधानसभा का चुनाव होना है समय अब कम बचा है अब जो कुछ बचा है वो संघर्ष का समय है आगामी 23 जून से आप सभी को बूथ के कोने कोने तक जाकर हर घर संपर्क करना है और केंद्रीय योजनाओं की जानकारी और जन उत्थान के लिए किए गए मोदी सरकार के कार्यो का बखान करना है जिससे आम जनता के बीच भाजपा का जुड़ाव बना रहे और आगामी चुनाव में जिसका लाभ भाजपा को मिलता रहें। उन्होंने कहा कि आम जनता के लाखों आवास छत्तीसगढ़ में रुके है लेकिन इस ओर राज्य सरकार का कोई ध्यान नहीं है युवाओं को 2500 रुपये बेरोजगारी भत्ता देने का वादा कर युवाओं का ठगने का काम राज्य में बैठी कांग्रेस सरकार ने किया है आने वाले समय मे इस झूठी और लबरी सरकार को उखाड़ फेंकना ही हमारा एक मात्र उद्देश्य है जिसे पूरा करना हर एक कार्यकर्ता का दायित्व है। कार्यक्रम के मुख्य वक्त जिला भाजपा के अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने कहा कि आज के टिफि न पर चर्चा कार्यक्रम की बैठक में आप भी भारी संख्या में उपस्थित हुए और इस क्षेत्र की पहली बारिश की फुहार भी आज हुई है जो अनुकूल समय है हम लगातार सभी कार्यक्रम आप सभी के सहयोग से सभी कार्यक्रम अच्छे तरीके से सम्पन्न करवा रहे है आगामी कार्यक्रम 23 से 30 जून तक हम सबको घर घर संपर्क अभियान में शामिल होना है और गांव गरीब किसान और क्षेत्र के कोने कोने तक प्रति व्यक्ति तक पहुंच कर केंद्र सरकार की 9 साल में लागू हुई जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ देश के उत्थान के किये जो कार्य भाजपा की सरकार ने किए है उसकी जानकारी देनी है साथ ही सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण हेतु प्रतिबद्ध मोदी सरकार को समर्थन देने के लिए मोदी सरकार के 9 वर्ष की उपलब्धियां जानने के लिए 9090902024 नंबर पर मिस कॉल करवाना है जिससे गांव के अंतिम व्यक्ति तक हमारी सरकार द्वारा जारी योजनाओं की जानकारी मिलेगी। और साथ ही हम सबको राज्य में बैठी कांग्रेस की लबरी सरकार द्वारा किये गए चुनावी वादे को याद दिलाकर जिसमे उन्होंने गंगा जल की कसम खाने के बावजूद एक भी वादा पूरा नही किया उसे भी याद दिलाना है और आगामी विधानसभा चुनाव में इस झूठी लबरी सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लेते हुए चुनाव की तैयारी में लग जाना है। टिफि न पर चर्चा के इस कार्यक्रम में सभी मंडल को घर घर संपर्क अभियान हेतु प्रदेश से आये हुए किट का वितरण किया गया व सभी कार्यकर्ताओं ने अपने अपने साथ लाये टिफ्नि को एक दूसरे से साझा कर भोजन करते हुए टिफि न पर चर्चा की। कार्यक्रम में मंच संचालन जिला मंत्री आनंद शर्मा व आभार प्रदर्शन हरजीत सिंह भाटिया ने किया कार्यक्रम में भूषण वैष्णव, अरविंद गुप्ता, सुदाम पांडा, अजीत गुप्ता, हनुमान पारीक, बालेश्वर चक्रेश, रवि यादव, रामविलास राम, शिवम शर्मा, मिथलेश लकड़ा, देवानंद यादव, संजय भगत, सरिता सिदार, शकीला कंवर, सुमित्रा पैंकरा के साथ भाजपा के समस्त मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बंधु उपस्थित हुए।



# ठाकुर शोभा सिंह शासकीय महाविद्यालय में हुआ अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन



जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज ठाकुर शोभा सिंह शासकीय महाविद्यालय पत्थलगांव के प्रांगण में योगाभ्यास कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी के राज्य गीत के मधुर गान के साथ की गई। योगाभ्यास कार्यक्रम शुरू करने से पूर्व महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो टीआर पाटले ने अपने उद्बोधन में मानव जीवन में योग की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि आधुनिक समय में मनुष्य भौतिकवाद एवं बाजारवाद के भंवर जाल में फंस कर सारे सुख सुविधा को बटोरना चाहता है इस कारण उनकी जीवन शैली एवं खानपान बिगड़ गया है, जिसकी वजह से उनके शरीर में विभिन्न प्रकार की बिमारियां उत्पन्न हो रही हैं। और वे जब डॉ. को दिखाते हैं, तो उनके द्वारा दी हुई एलोपेथी दवाई से शरीर में कई साईड इफेक्ट होने के कारण अन्य बिमारी पैदा हो जाती है। इन सब परेशानियों से बचने के लिए दुनिया फिर से प्रकृति से जुड़कर योग को प्राथमिकता दे रही है। योग के माध्यम से प्रकृति से जुड़कर विभिन्न आसनों का विधिवत् अभ्यास करने से शरीर स्वस्थ रहता है तथा शरीर में अव्यवस्थित जीवन शैली से उत्पन्न होने वाली कई प्रकार की बिमारियां स्वमेव समाप्त हो जाती है। इसलिए आज के बदलते परिवेश में हरेक व्यक्ति को योग करना चाहिए। उद्बोधन के अन्त में उन्होंने उपस्थित छात्र छात्राओं को प्रतिदिन सुबह आधा से एक घण्टा समय निकालकर योग करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि चैतन्य नाग योग प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित रहे उन्होंने योगाभ्यास के दौरान विभिन्न आसनों की प्रैक्टिस कराकर कौन सा आसन किस बिमारी के लिए उपयुक्त है, इसकी जानकारी विस्तृत रूप में दिया।

योगाभ्यास के अन्त में आईक्यूएसी प्रभारी प्रो अनुपमा प्रधान द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक एवं एनसीसी कैडेट्स का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम में प्रो जेके भगत, प्रो मनमोहन किरवानी, अतिथि प्राध्यापक संजय बघेल, सुश्री गीतांजली प्रधान, सुश्रीअल्पना कुजूर, सुश्री पूनम चौहान, हुमी सिंह, अनिल सिंह, सुनील यादव, छबिल चंद्रवंशी, बसंत कुमार यादव, नीलम मण्डावी, महेश यादव एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

# नवागढ़ में हर्षोल्लास के साथ निकली भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा, भाजपा नेता डॉ. जगजीवन खरे ने हुई शामिल

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।

महापर्व भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा हर्षोल्लास के साथ निकाली गई इसी तारतम्य में नवागढ़ रोड के स्थित जगन्नाथ मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना किया गया। जिसके बाद विशेष रूप से सजाए गए रथ में भगवान जगन्नाथ व भाई बलभद्र के साथ बहन सुभद्रा की प्रतिमा स्थापित की गई।

इस दौरान भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष डॉ. जगजीवन खरे समेत मोहल्ले एवं ग्रामवासियों ने रथ की परिक्रमा लगाई। जिसके बाद जयकारों की गूंज के साथ रथ खींचने के लिए भारी संख्या में लोग उत्साहित दिखे। एवं ग्राम के अन्य नागरिकगण, जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इस दौरान नगर पंचायत से रथ यात्रा नृत्य पार्टी द्वारा ढोल,तासे और मांदर की थाप पर शानदार प्रदर्शन किया गया। आपको बता दें कि भगवान जगन्नाथ की निकल रही यात्रा में शामिल होने लोग उत्साहित नजर आए। लोग अपने घरों के सामने आरती की थाल धूप,अगरबत्ती लेकर भगवान जगन्नाथ के रथ यात्रा के स्वागत के लिए सड़कों किनारे खड़े हुए थे। यह यात्रा शहर के तीन मुख्य मार्गो से भ्रमण करते हुए जगन्नाथ मंदिर पहुंचेगी। विदित हो कि प्रत्येक वर्ष नवागढ़ में भगवान जगन्नाथ की विधिवत पूजा अर्चना कर रथयात्रा धूमधाम से निकाली जाती है। जिसमें कई



महीनों पूर्व से ही रथ के निर्माण में कारीगर लगे होते हैं और आकर्षक रूप से रथ को सजाया जाता है। वहीं शहर में रथयात्रा के महापर्व को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु चप्पे.चप्पे पर मुस्तैद रहे। एवं आवागमन बाधित ना होने को लेकर विशेष इंतजामात किए गए थे।नवागढ़ में हर्षोल्लास के साथ निकली भगवान जगन्नाथ जी के रथ यात्रा जिसमें भाजपा नेता डॉ. जगजीवन खरे ने हुई शामिल का महापर्व भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा हर्षोल्लास के साथ निकाली गई इसी तारतम्य में नवागढ़ रोड के स्थित जगन्नाथ मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना किया गया।

जिसके बाद विशेष रूप से सजाए गए रथ में भगवान जगन्नाथ व भाई बलभद्र के साथ बहन सुभद्रा की प्रतिमा स्थापित की गई। इस दौरान भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष डॉए जगजीवन खरे समेत मोहल्ले एवं ग्रामवासियों ने रथ की परिक्रमा लगाई। जिसके बाद जयकारों की गूंज के साथ रथ खींचने के लिए भारी संख्या में लोग उत्साहित दिखे ।एवं ग्राम के अन्य नागरिकगण जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

इस दौरान नगर पंचायत से रथ यात्रा नृत्य पार्टी द्वारा ढोलएतासे और मांदर की थाप पर शानदार प्रदर्शन किया गया। आपको बता दें कि भगवान जगन्नाथ की निकल रही यात्रा में शामिल होने लोग उत्साहित नजर आए। लोग अपने घरों के सामने आरती की थाल धूपएअगरबत्ती लेकर भगवान जगन्नाथ के रथ यात्रा के स्वागत के लिए सड़कों किनारे खड़े हुए थे। यह यात्रा शहर के तीन मुख्य मार्गो से भ्रमण करते हुए जगन्नाथ मंदिर पहुंचेगी।

विदित हो कि प्रत्येक वर्ष नवागढ़ में भगवान जगन्नाथ की विधिवत पूजा अर्चना कर रथयात्रा धूमधाम से निकाली जाती है।जिसमें कई महीनों पूर्व से ही रथ के निर्माण में कारीगर लगे होते हैं और आकर्षक रूप से रथ को सजाया जाता है।

वहीं शहर में रथयात्रा के महापर्व को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु चप्पे.चप्पे पर मुस्तैद रहे। एवं आवागमन बाधित ना होने को लेकर विशेष इंतजामात किए गए थे।

## एक नजर

### बटईकेला छेरगोदारी में विशेष शिविर का किया गया आयोजन

शिविर में बिरहोर परिवार के सदस्यों का बनाया गया आय, जाति एवं निवास प्रमाण–पत्र

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुर।



कलेक्टर डॉ रवि मित्तल के निर्देश एवं मार्गदर्शन में जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा एवं बिरहोर समुदाय के लोगों को शिविर के माध्यम से निरंतर स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अन्य मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही शासन के योजनाओं का लाभ देने के उददेश्य से विकासखण्डों में विशेष शिविर का आयोजन कर शासन के योजनाओं से लाभांवित किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज कांसाबेल विकासखण्ड के ग्राम ग्राम बटाईकेला छेरगोदारी में विशेष शिविर का आयोजन कर बिरहोर परिवार के सदस्यों का आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र बनाया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग सहित संबंधित विकाखण्ड स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### केंद्रीय गृह मंत्री की सुरक्षा को लेकर दुर्ग पुलिस अलर्ट

**दुर्ग** । केंद्रीय गृह मंत्री 22 जून को छत्तीसगढ़ दुर्ग जिले में आम सभा को संबोधित करने आ रहे हैं। इस दौरान वो भाजपा कार्यकर्ताओं से भी भेंट करेंगे। गृह मंत्री के कार्यक्रम के मद्देनजर दुर्ग पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अलर्ट हो गई है। दुर्ग रेंज आईजी आनंद छाबड़ा ने एसपी सहित सभी पुलिस अधिकारियों की कल रात बैठक बुलाई और आवश्यक निर्देश दिए हैं।

आपको बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के बड़े नेता की सुरक्षा व्यवस्था दुर्ग पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई है। उनके कार्यक्रम में किसी भी तरह का कोई व्यवधान न आए इसके लिए आईजी आनंद छाबड़ा और एसपी शलभ सिन्हा ने खुद सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली है।

आईजी छाबड़ा ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर 500 से अधिक पुलिस कर्मी और अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही अभी से सभी थाना क्षेत्रों में बाहर से आने वाली सभी गाड़ियों की चेकिंग शुरू कर दी गई है। 22 जून को दुर्ग के रविशंकर स्टेडियम में अमित शाह का संभाग स्तरीय सम्मेलन होना है। आमसभा सुबह 11:00 बजे होनी है । इसे लेकर बैठक सोमवार की शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक बीजेपी कार्यालय में हुई।

# नंदकुमार बघेल के करीबी युवा नेता पहुंचे भेट मुलाकात को पत्थलगांव विश्राम गृह

जोहार छत्तीसगढ़–पत्थलगांव।



छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव नंदकुमार बघेल के खास करीबी युवा नेता अखिलेश पहुंचे भेट मुलाकात को पत्थलगांव विश्राम गृह जिसमें वारिष्ट पत्रकार सुरेन्द्र चेतवानी, एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष हरिशंकर जायसवाल, मन्नू महंत, विवेक तिवारी साहित कई पत्रकार भेट मुलाकात में पत्रकार कानून साहित कई विषयों पर अहम चर्चा किए मुलाकात के दौरान क्षेत्र के विकास समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई इसमें पत्थलगांव को जिला बनाने की मांग प्रमुखता से शामिल रही जिला अध्यक्ष हरिशंकर जायसवाल ने स्थानीय लोगों की जन भावनाओं से अवगत कराते हुए अपने विचार रातरे के समक्ष रखें उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए पत्थलगांव को जिला बनाया जाना अति आवश्यक है। इसे लेकर लोगों द्वारा दशकों से मांग की जा रही है लोगों को कांग्रेस की सरकार से काफी उम्मीदें हैं ऐसे में सरकार को पत्थलगांव को जिला बनाने के लिए जल्द से जल्द पहल करनी चाहिए गौरतलब है कि रातरे छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष नंद कुमार बघेल के विशेष सलाहकार भी हैं उन्होंने पत्थलगांव के लोगों की भावनाओं को उपयुक्त मंच के माध्यम से शासन तक पहुंचाने का भरोसा दिलाया वहीं उन्होंने पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर भी अपने विचार उपस्थित लोगों से साझा किए उन्होंने कहा कि सरकार ने पत्रकारों की सुरक्षा के लिए पत्रकार सुरक्षा कानून लाकर एक महत्वपूर्ण पहल की है इसके जरिए प्रदेश के कोने–कोने के पत्रकारों को लाभ मिल सकेगा उन्होंने बताया कि पत्रकारों के कल्याण के लिए प्रदेश स्तरीय पत्रकार बोर्ड का भी गठन किया जा रहा है उन्होंने पत्रकारों से भी अधिकार सुरक्षा कानून को लागू करवाने के लिए सक्रियता पूर्वक योगदान देने की बात कही उन्होंने कहा कि कानून बन जाना ही पर्याप्त नहीं है जब तक इसका समुचित रूप से पालन ना हो इसमें पत्रकारों को स्थानीय स्तर पर भी अपनी सहभागिता निभानी होगी।

# मुठभेड़ में सुरक्षा बल के जवानों ने माओवादियों के डेरा को ध्वस्त करने के साथ माओवादी स्मारक स्थल को भी किया ध्वस्त

जोहार छत्तीसगढ़–बीजापुर।

थाना गंगालूर क्षेत्रान्तर्गत पीड़िया के जंगलों में प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन के पश्चिम बस्तर डिवीजन इंचार्ज पापाराव, डिवीजन मिलिट्री कमांडर राहुल, मिलिट्री कंपनी नम्बर 2 कमांडर वेल्ला के साथ नेशनल पार्क एरिया कमेटी, गंगालूर एरिया कमेटी, मिलिट्री प्लाटून नम्बर 12, 13 के 150–170 सशस्त्र माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर19 जून 2023 को कोबरा, एसटीएफ , डीआरजी बीजापुर एवं डीआरजी दंतेवाड़ा की संयुक्त टीम को अलग अलग बेस कैम्प से माओवादी



विरोधी अभियान पर पीड़िया की ओर रवाना किया गया था। अभियान के दौरान 20 जून 2023 के प्रातः डीआरजी दंतेवाड़ा की टीम व सशस्त्र माओवादियों के बीच एंडरी एवं पीड़िया तथा गटटूपारा मुतवेंडी के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ रूकने के बाद सर्चिंग करने पर माओवादियों द्वारा लगाया गया डेरा दिखाई दिया जहां भारी मात्रा में नक्सल वर्दी सिलाई करने के लिये रखा गया टेलरिंग टीम का सामान व आईईडी बरामद किया गया।

ऑपरेशन के दौरान गायतापारा पीड़िया, लेकामपारा पीड़िया व पेद्दापारा पीड़िया में एसटीएफ टीम की सशस्त्र माओवादियों के साथ मुठभेड़ हुई। जहां कुछ देर मुठभेड़ होने के पश्चात नक्सली अपना डेरा छोड़कर मौके से जंगल पहाड़ का लाभ उठाकर भाग गये। फायरिंग रूकने के पश्चात सर्चिंग करने पर माओवादियों द्वारा लगाए गए डेरे से भारी मात्रा में दवाईयां, टेंट लगाने का सामान, राशन सामग्री, नक्सल वर्दीयां एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद किया गया। इस प्रकार संयुक्त टीम से माओवादियों के विभिन्न समूहों के साथ अलग–अलग समय पर मुठभेड़ हुई। डेरा की सर्चिंग करने के दौरान डेरा से खून के धब्बे एवं घसीटने के निशान मिले है जिससे 2–3 माओवादियों के घायल होने अथवा मारे जाने की संभावना है। इस प्रकार अभियान के दौरान 4 स्थानों से माओवादी डेरा एवं 1 माओवादी स्मारक को ध्वस्त किया गया।

# वनांचल ग्राम मंडवाकानी में ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस कार्यक्रम आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुर।

कलेक्टर डॉ रवि मित्तल के निर्देशानुसार कांसाबेल विकासखंड के उप स्वास्थ्य केंद्र शब्दमुंडा के अंतर्गत ग्राम मंडवाकानी ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ग्राम के प्रत्येक परिवार से ग्रामीणजन स्वरुचि से उत्साह के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मितानिन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम के वार्ड पंच, बिहान स्व सहायता समूह के सदस्यए ग्राम प्रेरक, ग्राम के मुखिया, सभी गर्भवती, शिशुवती महिला, कुपोषित बच्चे, किशोर–किशोरी, कार्यक्रम प्रबंधक कांसाबेल ज्ञान दास महंत, प्रभारी बीईटीओ अंब्रेला, सेक्टर सुपरवाईजर मतिल्दा टोप्पो एवं उप स्वास्थ्य केंद्र स्वास्थ्य



कर्मचारी उपस्थि उपस्थित थे। ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस कार्यक्रम में कुमारी साक्षी यादव जो गंभीर एनीमिया से पीड़ित थीं। जिनको प्रत्येक माह ब्लड लगता है। उनके माता–पिता ने ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति के पास अपनी बात रखी।

समिति सदस्यों ने निर्णय लिया कि सीएचसी कांसाबेल में ब्लड स्टोर यूनिट स्थापित है। वही से शाक्षी को ब्लड चढ़ाया जायेगा। साथ ही आवश्यक देख–रेख के लिए चिकित्सीय उपचार सतत किया जायेगा। इस दौरान गंभीर कुपोषित कुमारी संध्या का भी चिन्हांकन किया गया और तत्काल एनआरसी बगीचा भेजने क लिए निर्णय लिया गया। ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति ने आंगनबाड़ी के रनिंग वाटर, हैंड वाश बेशिन, टायलेट, लाईट, पंखा और केंद्र के खराब खिड़कियों को आवश्यक सुधार करने के संबंध में आवश्यक कार्य करने कार्यवाही की गई। समिति ने गर्भवती स्वास्थ्य परीक्षण के लिए आए गर्भवती को सीमित साधनों से स्वास्थ्य जांच कराया।

# केवाईसी नहीं होने पर राशनकार्ड निरस्त होने की अफवाह से रहें दूर

जोहार छत्तीसगढ़–सूरजपुर।

शासन से प्राप्त निर्देशानुसार जिले के समस्त राशनकार्डधारी सदस्यों का आधार ईकेवाईसी उचित मूल्य दुकान के ई.–स डिवाइस के माध्यम से किया जा रहा है। जिसमें जिले में अब तक 2.89 लाख सदस्यों केवाईसी किया जा चुका है।




प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 2.29 लाख राशन कार्ड के 7.80 लाख सदस्यों का ई.केवाईसी किया जाना है। ई.केवाईसी करवाने के लिए अपने नजदीकी उचित मूल्य दुकान के ई.पोस मशीन से सत्यापन कराया जाएगा जिसके लिए उन्हें केवल अपना राशन कार्ड नंबर एवं आधार नंबर की आवश्यकता होगी। इसके साथ ही जो हितग्राही अपने गांव से बाहर निवासरत हैंए वे छग राज्य के किसी भी उचित मूल्य दुकान में जाकर अपना राशन कार्ड में ई–केवाईसी करा सकते हैं इसके लिये उन्हें अपने मूल दुकान में आना अनिवार्य नहीं है। जिले के समस्त राशनकार्ड में ई–केवाईसी कराया जाना है जिसके लिए जिले के आधार सेवा केंद्रों में बाल आधार एवं बायोमेट्रिक अपडेशन का कार्य निरंतर किया जा रहा है। खाद्य अधिकारी ने ग्रामीणों से अपील करते हुये बताया कि ई–केवाईसी नहीं होने की दशा में राशनकार्ड निरस्त हो जाने की अफ वाह में ना आये उचित मूल्य दुकान संचालकों द्वारा उचित मूल्य दुकान के अतिरिक्त घर–घर जाकर एवं चौक–चौराहों में ग्रामीणों का ई–केवाईसी किया जा रहा है। शासन द्वारा राशनकार्ड में आधार ई–केवाईसी करने की समय–सीमा में वृद्धि करते हुये 31 जुलाई तक बढ़ा दिया गया है जिन हितग्राहियों का बायोमैट्रिक अपडेट नहीं हो पाया है वे परेशान ना होवे तथा अपने नजदीकी आधार सेवा केंद्र से अपना आधार अपडेट करवाये। जिला प्रशासन द्वारा ऐसे पंचायत जहाँ आधार सेवा केंद्र आपरेटर उपलब्ध नहीं है उन पंचायतो में शिविर आयोजित किया जायेगा ताकि ग्रामीणों का आधार केवाईसी कराना सुनिश्चित किया जा सके।

# शिक्षक ऐसा हो जो छात्र की कमजोरी को उसकी मजबूती बना दे-कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा

कलेक्टर ने कहा अगले शिक्षा सत्र में उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों के लिए अभी से जुट जाएं

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

नवीन शिक्षा सत्र शुरू होने से पूर्व कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक ली। जिसमें इस वर्ष के परीक्षा परिणामों और अगले सत्र के लिए कार्ययोजना की समीक्षा की गई। सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव भी बैठक में उपस्थित रहे। कलेक्टर सिन्हा ने इस दौरान कहा कि इस वर्ष के परीक्षा परिणाम अपेक्षाकृत उतने अच्छे नहीं रहे है। इसे अगले शिक्षा सत्र में सुधारकर बेहतर करने की जरूरत है। जिसकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी शिक्षकों पर है। अगले शिक्षा सत्र में उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों के लिए अभी से जुट जाएं। जिला स्तर से नियमित रूप से इसकी समीक्षा होगी और लापरवाही मिलने कड़ी कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि सरकार स्कूलों को बेहतर करने के लिए संसाधनों को बढ़ा रही है। मुख्यमंत्री स्कूल



### प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर भी रहेगा फोकस

जतन योजना से शालाओं का जीर्णोद्धार हो रहा है। करोड़ों रुपए इसमें खर्च किए जा रहे हैं। स्वामी आत्मानंद स्कूल खोले जा रहे हैं ताकि फीस की चिंता किए बिना पालक अपने बच्चों को अंग्रेजी माध्यम में पढ़ा सकें। इन सभी प्रयासों का सार तभी निकलेगा जब रिजल्ट अच्छा आएगा, बच्चे प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होकर आगे बढ़ेंगे। कलेक्टर श्री सिन्हा ने लोक कथा का उदाहरण देते हुए कहा कि शिक्षक ऐसा हो जो छात्र की कमजोरी को उसकी मजबूती बना दे। उन्होंने कक्षा में बच्चों का आंकलन करने तथा मेधावी छात्रों के साथ ही कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि रायगढ़ मैदानी इलाके का जिला है यहां संसाधनों की कमी नहीं है। ऐसे में यहां उत्कृष्ट परिणाम की अपेक्षा हमेशा रहेगी। जिसके लिए अगले शिक्षा सत्र में पूरे साल भर मेहनत करना है। सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव ने इस मौके पर प्राचार्यों से कहा कि पालक स्कूलों में दाखिला करा कर अपने बच्चों के भविष्य संवारने की जिम्मेदारी शिक्षकों को देते हैं। जिसे पूरा करना उनका दायित्व है। उन्होंने सभी प्राचार्यों से कार्ययोजना तैयार कर इस मुहिम का हिस्सा बनने की बात कही। समीक्षा बैठक व वर्कशॉप में जिला शिक्षा अधिकारी बी.बाखला, सहायक संचालक शिक्षा के.के.स्वर्णकार, आलोक स्वर्णकार, भुनेश्वर पटेल सहित सभी विकासखण्डों के बीईओ, एबीओ और जिले के लगभग 210 हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों के प्राचार्य शामिल हुए।

### शिक्षकों की नियमित और समय पर उपस्थिति जरूरी-कलेक्टर

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि अध्यापन का कार्य बड़ी जिम्मेदारी का होता है। हजारों लाखों बच्चों का भविष्य आपके हाथों में होता है। ऐसे में आवश्यक है कि पूरे समर्पण के साथ यह कार्य किया जावे। सभी शिक्षक नियमित रूप से और समय पर स्कूल पहुंचे। बच्चों की रेगुलर क्लास लें। लापरवाही करने पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

### प्राचार्यों का हुआ वर्कशॉप, एक्सपर्ट्स ने दिए टिप्स

*बैठक के पश्चात सभी प्राचार्यों के लिए वर्कशॉप भी रखी गई। जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहे एक्सपर्ट्स ने अपने अनुभव साझा किए व कई महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए। जशपुर के संकल्प संस्थान के श्री विनोद गुप्ता ने सभी प्राचार्यों को प्रेजेंटेशन के माध्यम से स्कूलों में पढ़ाई–लिखाई को बेहतर करने के टिप्स दिए। इसके साथ ही एनजीओ मंकी स्पोर्ट्स के प्रतिनिधि ने भी खेल खेल में पढ़ने के तरीकों के बारे में जानकारी दी। जिससे रोचक तरीके के बच्चों को किसी विषय के कॉन्सेप्ट समझाए जा सकते हैं।*

# सत्ता के मद में चूर धरमजयगढ़ विधायक लालजीत सिंह राठिया

## आने वाले समय में कांग्रेस को मंहगा पड़ेगा निलंबन का खेल- टीकाराम पटेल

जोहार छत्तीसगढ़ - धरमजयगढ़।

कभी एक थाली में खाने वाले पूर्व कबीना मंत्री स्व चनेश राम राठिया और स्व अंगद सिंह के रिश्ता में खटास इतना बढ़ गया की दरार अब खाई बन गया है। बाप दादा समय से चला आ रहा रिश्ता आज टूट गया है।

नगर पंचायत धरमजयगढ़ की राजनीति में आज अचानक उस समय उबाल आ गया जब चिचिलाती धुप और बयालीस डिग्री की तापमान में यह खबर आया की कांग्रेस के दो पार्षदो को पार्टी से निलंबित कर दिया गया। इन दोनों पार्षदों के उपर आरोप है की पिछले दिनों कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफ भाजपा द्वारा लाये गये अविश्वास प्रस्ताव का इन्होने समर्थन किया है। समर्थन किया या नहीं यह तो भगवान ही जाने लेकिन इसी सन्देह में एक पुराना रिश्ता टूट गया जिसकी लोग कसमे खाते थे। स्व चनेश राम एवं स्व जशविर सिंह कोमल का रिश्ता किसी से छुपा नहीं है।




ये दोनों परिवार एक दूसरे के पूरक थे। इन दोनों परिवार में दरार तो तब से आना शुरु हो गया जब स्व जशविर सिंह कोमल के छोटे भाई कवलजीत सिंह कोमल को एल्डरमेन बनाकर महज तीन माह में बाहर का राश्ता दिखा दिया गया। वही ब्लाक अध्यक्ष पद से मनदीप सिंह कोमल को हटा दिया गया।

आज उस वक्त दरार खाई में तब्दील हो गया जब जशविर सिंह कोमल के पुत्र युवा हस्ताक्षर 'नगर पंचायत में पार्षद गगनदीप सिंह कोमल को पार्टी से निलंबित कर दिया गया। वही एक और नगर के प्रतिष्ठित कांग्रेस के नत्थू परिवार के पार्षद, पवन अग्रवाल को भी पार्टी ने निलंबित कर दी दिया है। धरमजयगढ़ के विधायक सत्ता के नशा में इतने मदमस्त हैं की अपने ही पिता के करीबियो के परिवार को चुन चुन कर पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा रहे हैं। ऐसा खेल् केवल शहर कांग्रेस में चल रहा है ऐसा नहीं अलबत्ता गांव -गांव में भी यही हाल है।

***उक्त घटनाक्रम पर अपना राय व्यक्त करते हुए प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष और नगर पंचायत में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम पटेल ने कहा की विनाश काले विपरीत बुद्धि। कांग्रेस में निलंबन का मामला उनका घरेलु मामला है लेकिन यह कृत्य निलम्बित नेताओं के घर घर जाकर पटाखा फोड़ना कांग्रेस को आने वाले समय में महंगा पड़ेगा।***

## राजकुमार धनकर का कांग्रेस पदाधिकारियों ने किया स्वागत



**बालोद।** धनकर( गड़रिया) समाज के पूर्व प्रदेश प्रमुख राजकुमार धनकर का बुधवार को कांग्रेस द्वारा बालोद में ग्रामीण व शहर के संयुक्त तत्वाधान में बूथ लेबल प्रशिक्षण कार्यक्रम में पदाधिकारियों ने कांग्रेस का गमछा पहनाकर स्वागत किया। ज्ञात हो कि राजकुमार धनकर लंबे समय से कांग्रेस में हैं। कांग्रेस कार्यक्रमों में हिस्सा लेते हैं। बुधवार को बालाजी रिसोर्ट प्रशिक्षण बूथ लेबल कार्यक्रम के दौरान भी वे उपस्थित रहे। उन्हें मंच पर बुलाकर विधिवत स्वागत किया गया। हालांकि वे पहले से ही कांग्रेस के सदस्य रहे हैं लेकिन उन्हें आज विधिवत कांग्रेस प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर, विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा, पूर्व विधायक भैया राम सिन्हा, डोमेंद्र भेंडिया , नपा अध्यक्ष विकास चोपड़ा,अनिल यादव उपाध्यक्ष, पूर्व नपा अध्यक्ष रामजीभाई पटेल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, चंद्रेश हिरवानी सहित कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

## ओबीसी महासभा ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़- धरमजयगढ़।

जनगणना फ ॉर्मेट में ओबीसी का कॉलम जोड़कर ओबीसी की जनगणना कराने की मांग को लेकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धरमजयगढ़ को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कहा गया है कि संविधान में समाजिक तथा शैक्षणिक दृष्टि से पिछड़े हुए समुदायों को अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के रूप में 3 वर्ग बनाए गए हैं। अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग की जनगणना तो होती है किंतु राष्ट्रीय जनगणना फॉर्मेट के कॉलम में अन्य पिछड़ा वर्ग का पृथक से कोड नंबर नहीं होने के कारण अन्य पिछड़ा वर्ग की जनगणना नहीं होती है। संविधान के अनुच्छेद 340 के परिपालन में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए गठित



आयोग काका कालेलकर आयोग मंडल आयोग व मध्य प्रदेश राम जी महाजन आयोग द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग की जनगणना कराए जाने बाबत अनुशंसा की गई थी तदनुसार इस हेतु सांसद में बनी सहमति के आधार पर जनगणना 2021 में पृथक से अन्य पिछड़ा वर्ग के आंकड़े एकत्र करने के प्रयास किए गए किंतु आंकड़े जारी नहीं किए गए। ओबीसी महासभा द्वारा लंबे समय से प्रतिमाह ज्ञापन देकर राष्ट्रीय जनगणना 2021 के जनगणना फॉर्मेट में ओबीसी का कालम बनवाने शासन प्रशासन से निवेदन किया जाता रहा है लेकिन पूर्व की भांति इस बार भी राष्ट्रीय जनगणना फॉर्मेट के कॉलम में अन्य पिछड़ा वर्ग ओबीसी का पृथक से कोड नहीं है। फ्लस्वरूप ओबीसी वर्ग की जनसंख्या तथा उसकी परिस्थितियों का आकलन नहीं हो पाएगा।

ओबीसी महासभा सविनय प्रार्थना करती है कि जनगणना 2021 के फार्म के कालम 13 में ओबीसी के लिए पृथक से कोड नंबर 3 शामिल कर विगत वर्षो से लंबित राष्ट्रीय जनगणना आगामी विधानसभा लोकसभा चुनाव को देखते हुए शीघ्र की जाए एवं जनगणना उपरांत आंकड़े प्रकाशित किया जाए जिससे ओबीसी समाज भारत देश के मतदाता होने के नाते जनसंख्या के अनुपात में हिस्सेदारी प्राप्त कर सके। ज्ञापन सौंपने के अवसर पर ओबीसी जिला कोषाध्यक्ष मेश्राम, रामजीवन महंत, निरंजन प्रधान, चक्रधर प्रधान सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### एक नजर

## योग दिवस के अवसर पर आंगनबाड़ी में बेटियों का किया गया सम्मान

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।



भारत सरकार महिला एवं बाल विकास मंत्रालय नई दिल्ली के आदेशानुसार केन्द्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजना अंतर्गत कलेक्टर के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में 21 जुन 2023 अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिले के 2044 आंगनबाड़ी केन्द्रों में प्रातः 7 बजे जिले अंतर्गत लगभग 40 हजार से अधिक बच्चियों को चंदन तिलक लगाकार उनका सम्मान किया गया। जिससे बच्चियों को प्रोत्साहित किया जा सके साथ ही उन्हें उनके भविष्य हेतु काउंसिलिंग भी प्रदान की गई। जिससे वे अपना भविष्य उज्जवल कर सकें और जिले में लिंगानुपात को बढ़ावा मिल सके। आयोजन का मुख्य उद्देश्य योग दिवस के अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत हर घर आंगन योग के तहत् विभिन्न कार्यक्रम जिले के सभी 2044 आंगनबाड़ी केन्द्रों में आयोजित किये गये।

## छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडलः डिप्टी कलेक्टर कंवर नोडल अधिकारी नियुक्त

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 24 जून 2023 को बी.एस.सी.नर्सिंग, सहायक श्रम पदाधिकारी, श्रम निरीक्षक, श्रम उप निरीक्षक प्रवेश भर्ती परीक्षा एवं 25 जून को पीईटी, पीपीएचटी प्रवेश परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। जिसमें प्रथम पाली प्रात:10 बजे से एवं द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5.15 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा के सफल संचालन हेतु डिप्टी कलेक्टर शिव कुमार कंवर मोबा.नं.81034-74124 को नोडल अधिकारी एवं व्याख्याता बाबूलाल पटेल मोबा.नं. 97552-15616 को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग

**कांकेर** । अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल शासकीय नरहरदेव विद्यालय प्रांगण में सामूहिक योग किया गया। मुख्य अतिथि भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सावित्री मनोज मंडावी, सांसद मोहन मंडावी, गौ सेवा आयोग के सदस्य नरेन्द्र यादव, कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, सीईओ श्री सुमीत अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि सुनील गोस्वामी, गोमती सलाम, कमला गुप्ता, नीरा साहू सहित अधिकारी-कर्मचारियों, शिक्षक-षिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राओं ने सामूहिक योग किया।

## आपरेशन मुस्कान के तहत बेमेतरा पुलिस ने दो गुम बालिका को पूणे महाराष्ट्र से दस्तयाब कर किया बरामद

जोहार छत्तीसगढ़ - बेमेतरा।

प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि इसकी नाबालिक लडकी घर से बिना बताये कही चली गई है कि रिपार्ट पर थाना बेमेतरा में अपराध सदर धारा 363 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

इसी प्रकार प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि इसकी नाबालिक लडकी उम्र करीबन 17 साल को




नाबालिक होना जानते हुए बहला फुसलाकर भगा ले जाने कि रिपार्ट पर थाना बेमेतरा में अपराध सदर धारा 363 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

विवेचना क्रम में वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम गठित किया गया । प्रकरण में विवेचना के दौरान बेमेतरा पुलिस टीम ने दीगर प्रांत पूणे महाराष्ट्र से दो नाबालिग गुम/अपहृता (बालिका) को दिनांक 19.06.2023 को दस्तयाब कर बरामद किया गया है। इस संबंध में उक्त बालिकाओं के परिजनों को सुचना दी गई है। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर आपरेशन मुस्कान के तहत गुम/अपहृता (बालिका) को लगातार दस्तयाब कर बरामदगी की कार्यवाही किया जा रहा।

उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक बेमेतरा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी बेमेतरा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली बेमेतरा निरीक्षक अजय कुमार सिन्हा, सउनि रेशमलाल भास्कर, सायबर सेल प्रभारी सउनि अरविंद शर्मा, प्रधान आरक्षक मोहित चेलक, रामेश्वर मांडले, अवधेश सिंह, आरक्षक संतोष साहू, महिला आरक्षक अमरिका पटेल एवं अन्य थाना स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

## मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, पहुंची कोरवा बाहुल्य ग्राम टेढ़ासेमर, दाहीडांड

जोहार छत्तीसगढ़ - धरमजयगढ़।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मधुलिका सिंह ठाकुर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने धरमजयगढ़ पहुंची। जो कि धरमजयगढ़ मुख्यालय से 65 कि.मी. दूर पहाड़ो पर बसा कोरवा बाहुल्य पहुंच-विहीन ग्राम टेढ़ासेमर,गेरूपानी एवं दाहीडांड में हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं के सुरक्षित प्रसव के लिये हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं को संभावित प्रसव तिथि के 15 दिन पूर्व सिविल अस्पताल के बर्थ वेटिंग वार्ड में भर्ती कराने हेतु एवं कुपोषित बच्चों को चिंहाकित कर पोषण पुर्नवास केन्द्र में भर्ती करने हेतु आरएचओ को निर्देशित कर



वहां के जनसमुदाय को स्वास्थ्य शिक्षा के साथ-साथ मौसमी बीमारी एवं डायरिया होने पर ओआरएस पाउडर का घोल किस प्रकार बनाकर पीना है जिसकी जानकारी महोदया द्वारा दी गयी साथ ही पीने के पानी में क्लोरिन की दवा डालने हेतु कहा गया। सर्पदंश होने पर झाड़फूक नहीं कराने एवं मरीज को तत्काल नजदीक के स्वास्थ्य केन्द्र में ईलाज हेतु ले जावें, दहीडांड के मितानिन को पर्याप्त मात्रा दवाईयां रखने के लिये निर्देशित किया गया। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कापू का निरीक्षण किया गया जिसमें रिफर केसों की जानकारी एवं पंजी संधारण करने हेतु प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को आवश्यक दिशा - निर्देश दिया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी महोदया के साथ डॉ बीएल भगत खंड चिकित्सा अधिकारी,भास्कर देवांगन विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक, एवं स्वास्थ्य विभाग धरमजयगढ़ के अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

## सरस्वती शिशु मंदिर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन



जोहार छत्तीसगढ़-

**पत्थलगांव।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में सरस्वती शिशु मंदिर पत्थलगांव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं सरस्वती शिशु मंदिर परिवार द्वारा योग दिवस का आयोजन किया गया एवं इस आयोजन में बच्चे , युवा , पुरुष एवं महिला योग करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया . इस अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में लाल बिहारी सिंह जी सदस्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रांत कार्यकारिणी (छ. ग. प्रांत) , मुरारी लाल अग्रवाल जिला संघ चालक जिला कांसाबेल एवं अध्यक्ष सरस्वती शिशु मंदिर पत्थलगांव रामनिवास जिंदल उपाध्यक्ष सरस्वती शिशु मंदिर पत्थलगांव हरिशंकर देवांगन सह विभाग कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ , कमलेश चंद्रा नगर खंड विस्तारक पत्थलगांव डेमुधर बंजारा नगर बौद्धिक प्रमुख , विद्यालय के आचार्य , विद्यार्थी , भैया - बहन एवं नगर के गणमान्य नागरिक बंधु-भगिनी की उपस्थिति में योग दिवस पर योगाभ्यास का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## मोटर सायकल चोर गिरोह का पुलिस ने किया खुलासा

### तीन अलग-अलग मोटर सायकल चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़- सूरजपुर।

भटगांव निवासी कमलेश्वर सिंह एवं राजू जायसवाल ने थाना भटगांव में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दोनों के द्वारा अपने घर के सामने पल्सर एवं अपाचे मोटर सायकल को खड़ा किए थे जिसे किसी अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया।

वहीं 16 जून 23 को ग्राम जरही निवासी गिरवर प्रसाद राजवाड़े ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 12 जून 23 को अपनी पल्सर 150 मोटर सायकल को घर के सामने खड़ा किया था जिसे



अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है। तीनों ही रिपोर्ट पर थाना भटगांव में अज्ञात चोरों के विरूद्ध धारा 379 भादसंण् के तहत मामला पंजीबद्ध किया। पुलिस महानिरीक्षक, सरगुजा रेंज रामगोपाल गर्ग व पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला ने सिलसिलेवार चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों की पतासाजी कर जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। थाना भटगांव की पुलिस अज्ञात चोर की पतासाजी में लगी थी इसी बीच जानकारी मिली कि चोरी की उक्त तीनों मोटर सायकल को कोरबा पुलिस द्वारा जप्त किया गया है। चोरों की गहनता से पतासाजी करने के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि चोरी की वारदात को ग्राम माजा और पटना जिला कोरिया के तीन लोगों द्वारा स्कार्पियों वाहन से घुमकर अंजाम दिया गया है। प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर आरोपी राहुल साहू पिता सुरेश साहू उम्र 24 वर्ष निवासी माजा थाना रामानुजनगर, उमेश सोनवानी पिता नन्दलाल सोनवानी उम्र 20 वर्ष निवासी डुमरिया थाना पटना एवं त्रियम्बक भास्कर उर्फ गोल्डी पिता महिपाल प्रसाद सोनवानी उम्र 24 वर्ष निवासी पिपरा थाना पटना जिला कोरिया को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपियों ने बताया कि अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से चोरी की तीनों वारदात को अंजाम दिए एवं चोरी करने के बाद मोटर सायकल को बिक्री करने के लिए कोरबा ले जाकर एक व्यक्ति को दे दिए। आरोपियों के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त स्कार्पियों वाहन सीजी 11 एयू 6200 को जप्त कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। मामले में फरार अन्य आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in